वैशाख शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 314 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
12 मई 2025 सोमवार

आज का मौसम
35 अधिकतम
25 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## सीज़फायर के बाद आज का दिन अहम, पाकिस्तान से शुरू हुआ संवाद

# 19 दिन बाद सुकून की रात : डीजीएमओ स्तर का संवाद, हॉटलाइन पर हो रही बात



कश्मीर में आम जनजीवन तेजी से सामान्य हो रहा है।

**नई दिल्ली/श्रीनगर एजेंसी**

सीमा पर करीब तीन सप्ताह बाद बीती रात अपेक्षाकृत सुकून से गुजरी। यह ऐसी रात रही जब पाकिस्तान की ओर से कोई हरकत नहीं की गई। वरना यहां पहलगाम घटना के बाद से पाक सेना लगातार गोलीबारी कर रही थी और बाद में तेज हुए सैन्य संघर्ष में काफी नुकसान भी पहुंचाया था,लोग जागकर या राहत शिविरों में रात गुजार रहे थे। अब सेना ने आज सुबह कहा- बीती रात जम्मू-कश्मीर और इंटरनेशनल बॉर्डर पर पूरी तरह शांति रही। कोई भी घटना सामने नहीं आई है। राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर के बॉर्डर से लगे इलाकों में कल से हालात नॉर्मल बताए जा रहे हैं तथा यहां बाजार खुलने लगे हैं और सामान्य गतिविधियां शुरू हो गई हैं।



### पाकिस्तान से दो टूक चर्चा

सीज़फायर पर आज दोनों देशों के डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस यानि डीजीएमओ ने बीच दोपहर से फोन पर बात शुरू हुई है। इस बातचीत में कोई अन्य देश शामिल नहीं होगा। भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को संघर्ष विराम के बाद यह पहली बड़ी बातचीत है। बताया जा रहा है कि इस बातचीत के बाद भारत के डीजीएमओ घई दोपहर 2:30 बजे प्रेस ब्रीफिंग करके जानकारी साझा करेंगे। इसमें एयरफोर्स और नेवी के अधिकारी भी शामिल होंगे। इस मायने में आज का दिन भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम के बाद बहुत अहम होने जा रहा है। इस वार्ता का उद्देश्य हाल ही में घोषित युद्धविराम का ईमानदारी से पालन करना, साथ ही नियंत्रण रेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थायी शांति के प्रयास तेज करना हैं। भारत ने स्पष्ट किया है कि कश्मीर और सिंधु जल संधि जैसे मुद्दों पर कोई बातचीत नहीं होगी। ज्ञात हो कि 10 मई की शाम 6:30 बजे तीनों सेनाओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया गया था कि ऑपरेशन सिंदूर जिस वजह से लॉन्च किया गया, वो लक्ष्य हासिल कर लिया गया। हालांकि पाकिस्तानी सेना ने सीजफायर के बाद भी ड्रोन अटैक लॉन्च किए थे जो नाकाम कर दिये गये। 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत से अब तक पाकिस्तानी गोलाबारी में 5 आर्मी और 2बीसीएफ जवान शहीद हो चुके हैं, 60 घायल हैं। इसके अलावा 27 सिविलियंस की भी जान गई है।

### एयरबेस तबाह, पाक ने लगाया वर्क इन प्रोग्रेस का बोर्ड!

■ पाकिस्तान के महत्वपूर्ण सैन्य प्रतिष्ठान रहीमयार खान एयरबेस अब काम करने की हालत में नहीं रहा है। खबरों के मुताबिक भारत की ओर से किए गए जवाबी हमले ने इस एयरपोर्ट के रनवे को तहस-नहस कर दिया है। पाकिस्तान ने फिलहाल एक सप्ताह के लिए इस एयरबेस को एक सप्ताह के लिए नॉन ऑपरेशनल घोषित कर दिया है। पाकिस्तान ने इस बाबत नोटिस टू एयरमैन जारी किया है। ये नोटम 10 मई से प्रभावी हो गए हैं। हालांकि पाकिस्तान सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा कि बंद करने का कारण वर्क इन प्रोग्रेस है लेकिन पाकिस्तान ने शातिराना चालाकी करते हुए ये नहीं बताया है कि वो जंग जैसे इतने अहम समय में अपने सैन्य हवाई अड्डे पर क्या काम कर रहा है। नोटम में कहा गया है कि फिलहाल ये एयरबेस उड़ान के लिए संचालित नहीं होगा।

### शहीद को बेटे ने दी सलामी.. प्राउड ऑफ यू पापा

■ पाकिस्तान की गोलीबारी में शहीद बिहार के बीएसएफ सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज का पार्थिव शरीर आज उनके घर पटना लाया गया तो उनका नौ साल का बेटा इमरान बिलख पड़ा। रोते-रोते उसने कहा- 'आईएम प्राउड ऑफ यू पापा।' उसकी बात सुन यहां मौजूद सभी लोगों का दिल पसीज गया। उसने कहा कि 'पाकिस्तान को कड़ी सजा दी जाए। मैंने अपने पिता को खोया है।' हालांकि अब तक शहीद की पत्नी को उनकी शहादत की खबर नहीं दी गई थी। एयरपोर्ट पर इम्तियाज की पार्थिव देह को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, मंत्री श्रवण कुमारख और मंत्री नितिन नवीन ने श्रद्धांजलि दी।

### रात के समय टार्च और हेडलाइड जलाने पर प्रतिबंध

■ राजस्थान के श्रीगंगानगर और उसके चार उपखंडों के बॉर्डर से सटे तीन किमी के एरिया के लिए कलेक्टर ने एहतियात के तौर पर सख्त प्रतिबंध लगाए हैं। इसके तहत शाम को 7 से सुबह 6 बजे तक इस प्रतिबंधित एरिया में कोई आ-जा नहीं सकेगा। रात में कृषि कार्य के लिए भी अनुमति लेनी होगी। टॉर्च और गाड़ियों की हेडलाइट जलाने पर भी रोक लगाई गई है। इधर जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी मिली है। आज खेल परिषद के ऑफिशियल ईमेल पर आए मेल में लिखा था- ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने के बाद अब सवाई मानसिंह स्टेडियम को बम से उड़ाया जाएगा। अभी जोधपुर, जैसलमेर, किशनगढ़, बीकानेर एयरपोर्ट बंद हैं। यह भी जल्द खुल जाएंगे।

### खुलने लगा आसमान.. उड़ानें फिर शुरू

■ भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने और सीजफायर के साथ ही भारत ने अपने एयरस्पेस को पूरी तरह खोल दिया है, इसके बाद अब बेरोकटोक आसमान में विमानों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। भारत ही नहीं पाकिस्तान की ओर से भी अपने एयरस्पेस खोल दिया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत की ओर से 23 मई तक के लिए एयरस्पेस को बंद किया गया था. भारतीय एयर फोर्स इस कदम से हवाई यातायात की भीड़ कम होने और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों एयरलाइंस को लाभ होने की उम्मीद है, जो तनाव के दौरान एयरस्पेस क्लोज होने से भारी नुकसान उठा रही थीं. के निर्देशों के तहत अब कॉमर्शियल फ्लाइट्स के इंडियन एयरस्पेस को पूरी तरह से खोल दिया गया है।



### टीम को तीसरा झटका

## नहीं माने कोहली.. टेस्ट क्रिकेट से लिया सन्यास ?

**मुंबई, एजेंसी।** आखिरकार भारतीय बैटर विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से सन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी। इससे पहले विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की इच्छा जताई थी। उन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को यह जानकारी पहले दी थी हालांकि, बोर्ड लगातार उन्हें अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कह रहा है। लेकिन कोहली इस पर तैयार नहीं थे। यह हाल के दिनों में भारतीय टीम को तीसरा झटका है क्योंकि इसे पहले आर अश्विन, रोहित शर्मा और अब विराट टेस्ट में अपनी मर्जी से बाहर हो चुके हैं। ज्ञात हो कि कोहली ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 25 से कम की औसत से रन बनाए थे। उनका प्रदर्शन बेहतर नहीं रहा था। लेकिन आईपीएल में वह जबरदस्त फॉर्म में रहे। उन्होंने 11 मैच में 505 रन बनाए हैं।





## मप्र : आज 45 जिलों में आंधी-पानी के हालात

**भोपाल।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस र टर्फ का असर आज भी मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। इस वजह से प्रदेश के कई जिलो में तेज आंधी और बारिश का दौर है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को 45 से ज्यादा जिलों में तेज आंधी का अलर्ट है। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत कई जिलों में शाम तक बारिश भी हो सकती है, अभी यहां उमस हैं। जबकि जबलपुर, उज्जैन संभाग में आंधी चलने की संभावना है। आंधी की रफ्तार 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है। रविवार को भोपाल, मंदसौर, शहडोल, खरगोन, अशोकनगर में तेज आंधी चली और कुछ स्थानों पर बारिश हुई। अशोकनगर में ओले भी गिरे। आंधी के कारण खरगोन में कई स्थानों पर टीन शेड उड़ गए, जबकि कुछ जगह पेड़ उखड़े हैं। सीजन में ये अब तक की सबसे तेज आंधी थी।

## 10 उपग्रहों से 7000 किमी इलाके में निगरानी

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख वी नारायणन ने बताया है कि इसरो के 10 सैटेलाइट्स (उपग्रह) देश की सुरक्षा के लिए लगातार रणनीतिक उद्देश्य से निगरानी कर रहे हैं। इंफाल में सेंट्रल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए नारायणन ने कहा कि 'कम से कम 10 सैटेलाइट्स लगातार 24 घंटे रणनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति और देशवासियों की सुरक्षा के लिए काम कर रही हैं।' उन्होंने कहा कि 'आप सभी हमारे पड़ोसियों के बारे में जानते हैं। ऐसे में हमें देश की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सैटेलाइट्स की मदद लेनी पड़ती है। हम 7000 किलोमीटर का इलाका कवर कर रहे हैं। साथ ही पूरे उत्तर पूर्व पर भी लगातार निगरानी की जा रही है और बिना सैटेलाइट्स और ड्रोन की मदद के हम इसे हासिल नहीं कर सकते।

## मिसरी का सोशल मीडिया हैंडल प्रोटेक्टेड मोड में

**नई दिल्ली।** हाल के दिनों में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सामरिक संघर्ष के दौरान और सीजफायर तक एक चेहरा टीवी के पर्दे पर छाया रहा। शालीन व संयत वक्तव्यों के जरिए लोगों को ढांढस बंधाता रहा, वह चेहरा है भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिसरी का। अब कल से मिसरी का एक्स सोशल मीडिया हैंडल प्रोटेक्टेड मोड में दिखने लगा है। इसका मतलब यह कि अब उनके ट्वीट पर कोई कमेंट नहीं कर सकता। शनिवार को हमले रोकने पर सहमति की घोषणा मिसरी ने ही की थी। हालांकि सोशल मीडिया पर कई लोग मिसरी को निशाना भी बना रहे थे। कई लोग विक्रम मिसरी के पक्ष में पोस्ट भी करते दिखे। संयुक्त अरब अमीरात में भारत के पूर्व राजदूत नवदीप सुरी ने लिखा, 卐ट्रोल्स विदेश सचिव विक्रम मिसरी और उनके परिवार को निशाना बना रहे हैं और यह सच में बहुत घिनौना है, वे पेशेवर, शांत, कम्पोज़्ड, नपे-तुले और स्पष्ट बोलने वाले हैं लेकिन उनके यह गुण हमारे समाज के कुछ लोगों के लिए काफ़ी नहीं है। विदेश नीति विश्लेषक इंद्राणी बागची ने लिखा विक्रम मिसरी एक प्रतिष्ठित राजनयिक हैं क्योंकि आप अपनी कल्पना में एक अलग भारत-पाकिस्तान वीडियो गेम खेल रहे थे, इसलिए उनके परिवार को ट्रोल करना न केवल घटियापन है, बल्कि यह उस गंदी मानसिकता को दिखाता है जिसके बिना यह देश चल सकता है।卐खास बात यह कि मिसरी के लिए एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी एक्स पर पोस्ट किया- 卐विक्रम मिसरी शालीन और ईमानदार हैं, वो कठिन परिश्रम करने वाले राजनयिक हैं जो बिना थके देश के लिए काम कर रहे हैं, याद रखा जाना चाहिए कि हमारे सिविल सर्वेंट कार्यपालिका के अधीन काम करते हैं और देश चलाने वाली कार्यपालिका या राजनीतिक नेतृत्व के फ़ैसलों के लिए उन्हें निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस की केरल इकाई ने भी पोस्ट किया कि पिछले हफ़्ते 'नफ़रत न फ़ैलाने और हिंसा न करने की अपील' करने की वजह से एक सैनिक की पत्नी, हिमांशी नरवाल को सोशल मीडिया पर निशाना बनाया गया था, अब ये लोग विदेश सचिव विक्रम मिसरी पर निशाना साध रहे हैं, जैसे कि उन्होंने ही एकतरफ़ा सीज़फायर का फ़ैसला लिया हो मिसरी ने जुलाई 2024 को विदेश सचिव के रूप में पदभार ग्रहण किया है, वे विदेश सेवा के 1989



### मनमोहन व मोदी के निजी सचिव रह चुके हैं मिसरी


बैच के अधिकारी हैं। उन्होंने विदेश मंत्रालय में राजनयिक के तौर पर कई पदों पर काम किया है, जिनमें यूरोप, एशिया और उत्तरी अमेरिका में अलग-अलग भारतीय मिशन में काम शामिल है। उन्होंने विदेश मंत्रालय में पाकिस्तान डेस्क पर भी काम किया है। वे दो विदेश मंत्रियों इंद्र कुमार गुजराल और प्रणब मुखर्जी की टीम में भी रह चुके हैं। वे प्रधानमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव रहे हैं और तीन प्रधानमंत्रियों- आईके गुजराल, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी के निजी सचिव भी रह चुके हैं। मिसरी ने ब्रसेल्स, ट्यूनिस, इस्लामाबाद और वॉशिंगटन डीसी में भी सेवा दी है। वो श्रीलंका में भारत के उप उच्चायुक्त और म्यूनिख में भारत के कंसुल जनरल भी रहे हैं। श्रीनगर में जन्में मिसरी की श्रीनगर और उधमपुर में पढे और बाद में बाकी स्कूली शिक्षा ग्वालियर के सिंधिया स्कूल से पूरी की।

### कई विकास कार्य की दे रहे सौगात

## सिहंस्थ कार्यों की समीक्षा के बाद सीएम छठवीं बार पहुंचे बालाघाट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज बालाघाट जिले के लांजी पहुंचे हैं। खास यह कि सालभर में ही उनका बालाघाट जिले में यह छठा दौरा है।मुख्यमंत्री सबसे पहले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लांजी बावड़ी का निरीक्षण कर रहे हैं। इसके बाद रानी अवंतीबाई स्टेडियम में मुख्य कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में 64 पुलिस जवानों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया जाएगा। बोर्ड परीक्षा में प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। जिले से 10वीं में 12 और 12वीं में 5 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री 169.197 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसमें 86.227 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण और 82.97 करोड़ के नए कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री यादव आज उज्जैन में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने विक्रमादित्य संकुल भवन में उज्जैन-इंदौर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की समीक्षा की और कहा कि वर्ष 2028 में सिंहस्थ कुंभ के लिए प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों को स्वीकृति दी जा चुकी है। ओंकारेश्वर, महेश्वर, पशुपतिनाथ, नलखेड़ा, भोपाल से लेकर पूरे मालवा क्षेत्र तक के कार्यों को सिंहस्थ कार्य-क्षेत्र मानते हुए योजनाएं तैयार की गई हैं।



### भारत ने मालदीव को 5 मिलियन डॉलर सहायता दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने 50 मिलियन डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को वित्तीय सहायता प्रदान की है। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने ट्वीट किया, मैं 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेजरी बिल के रोलओवर के माध्यम से मालदीव को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और भारत सरकार के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। यह समय पर की गई सहायता मालदीव और भारत के बीच मित्रता के घनिष्ठ संबंधों को दर्शाती है और आर्थिक लचीलेपन के लिए राजकोषीय सुधारों को लागू करने के लिए सरकार के चल रहे प्रयासों का समर्थन करेगी।

### सेंसेक्स 2200, निफ्टी 700 अंक चढ़े

## सीज़फायर से बाजार का डर काफूर, सेंसेक्स-निफ्टी झूमा

**मुंबई, एजेंसी।**

भारत पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद शेयर बाजार में आज बड़ी तेजी है। सप्ताह का पहला दिन होने की वजह से इस पर निवेशकों की निगाहें थीं। लेकिन आज सेंसेक्स 2200 अंक चढ़कर 81,700 के ऊपर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 700 अंक की तेजी है। ये 24,700 के ऊपर है। आज सेंसेक्स के 30 में से 29 शेयरों में तेजी है। अडाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक सहित 17 शेयर्स 4.5% तक ऊपर हैं। बीएसई का स्मॉल-कैप इंडेक्स 1,678 अंक ऊपर 48,420 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, मिड-कैप इंडेक्स में 1,175 अंक की तेजी है। निफ्टी के भी 50 शेयरों में से 47 में तेजी है।



बाजार में तेजी की पहली वजह तो सीजफायर और बाद भारत व पाकिस्तान के बीच टेंशन कम होना मानी जा रही है वहीं रिटेल महंगाई के अप्रैल महीने के आंकड़े कल 13 मई को जारी किए जाएंगे। अप्रैल में महंगाई कम होकर 3% से नीचे आने की संभावना भी है। वहीं हिंदुस्तान पेट्रोलियम, अडाणी पोर्ट्स और अडाणी एंटरप्राइजेज सहित कई कंपनियों के तिमाही नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अपनी खरीदारी का सिलसिला जारी रखते हुए लगभग 5,087 करोड़ रुपए की खरीदारी की।

### छात्रा ने डिवाइस का नाम शुगर ब्रीथ एसीटोन 3.0, खून की नहीं पड़ेगी जरूरत

# एक फूंक पर शुगर की जांच !, छात्रा का अनूठा डिवाइज सृजन में

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**डायबिटीज की बीमारी से जूझते लोगों या इसकी आशंका वाले वर्ग के लि अब शुगर की जांच को ज्यादा आसान बनाने का तरीका सामने आया है। एक छात्रा ने यह अनोखा डिवाइज तैयार किया है। पहले शुगर की जांच के लिए खून की कुछ बूंदें चाहिए होती हैं, लेकिन आने वाले कुछ समय में यह जरूरी नहीं होगी।**

मरीज को सिर्फ एक डिवाइस में फूंक मार कर पता चल जाएगा कि शरीर में शुगर लेवल क्या है? बताया जाता है कि बालाघाट की छात्रा अभिलाषा ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो बिना सुई चुभाए सिर्फ सांस के जरिए शरीर में शुगर लेवल बताती है। छात्रा ने इसका नाम शुगर ब्रीथ एसीटोन 3.0 रखा है। राजधानी के राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे सृजन-2025 कार्यक्रम में 1627 नवाचारों में से चुने गए टॉप 150 इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स की प्रदर्शनी में यह डिवाइज भी है। बालाघाट के जेएसटी पीजी कॉलेज की स्टूडेंट अभिलाषा की यह डिवाइस सांस में मौजूद किटोन बॉडीज का विश्लेषण करती है, जो शुगर लेवल बढ़ने पर शरीर में अधिक मात्रा में बनने लगती है। मरीज जब डिवाइस में फूंकता है, तो यह तीन श्रेणियों में रीडिंग दिखाती है। यह प्रदर्शित नवाचारों में एक डिवाइस तो ऐसी है जो फल-सब्जियों में छिपे कीड़ों और खतरनाक रसायनों की पहचान करती है। इसके अलावा दृष्टिहीनों की राह आसान बनाने के लिए अल्ट्रासोनिक छड़ी तैयार की है जो आंखों की तरह मार्गदर्शन करती है।

**शुगर जांच के प्रकार**

» लो : शुगर लेवल कम है।
» मॉडरेट : शुगर लेवल सामान्य है।
» हाई : शुगर लेवल अधिक है, यह डायबिटीज का संकेत हो सकता है।



## झील किनारे....



भोपाल के बोट क्लब पर बीती शाम को ठंडे मौसम का आनंद लेते हुए लोग।

## 22 से डीएलएड प्रथम वर्ष की परीक्षा

**भोपाल। मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल ने डीएलएड प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) की प्रथम वर्ष की परीक्षाएं 22 मई से शुरू होंगी, जो 13 जून तक चलेंगी। डीएलएड (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) की द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 23 मई से 11 जून तक आयोजित की जाएंगी। परीक्षा का समय सुबह 8 से 11 बजे तक रहेगा।**

### आरजीपीवी में आयोजित दो दिवसीय सृजन कार्यक्रम का समापन

## ज्ञानमेव शक्ति के आधार पर, भारत पुनः विश्व मंच पर सिरमौर बनेगा : परमार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में रविवार को इनोवेट एमपी मिशन की दृष्टि से सृजित सृजन कार्यक्रम का समारोह के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि, विद्यार्थियों के रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना, सृजन का उद्देश्य है। सृजन के माध्यम से, प्रतिभावान विद्यार्थियों को नवाचारों के लिए मंच मिला है। इससे विद्यार्थी, सामाजिक समस्याओं और चुनौतियों के प्रति संवेदनशील होंगे। समाज के प्रश्नों के समाधान करने का सामर्थ्य प्रदेश के विद्यार्थियों में हैं, हमारे विद्यार्थी समाधानकारक नवाचारों के लिए आगे आ रहे हैं। भविष्य में प्रदेश के यही विद्यार्थी, स्टार्टअप के केंद्र बनेंगे। मंत्री परमार ने कहा कि हर वर्ष सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को अपनी नवाचारी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए मंच मिल सके। मंत्री परमार ने कहा कि आज के युवा विद्यार्थियों के पुरुषार्थ और परिश्रम से, स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना साकार होगी। ज्ञानमेव शक्ति के आधार पर, भारत पुनः विश्वमंच पर सिरमौर बनेगा। आज के युवा विद्यार्थी ही, वर्ष 2047 का विकसित भारत गढ़ेंगे। पूर्वजों के ज्ञान के आधार पर ही भारत वर्ष 2047 तक, विश्व में अन्य देशों की ऊर्जा की आपूर्ति करने में सामर्थ्यवान देश बनेगा। साथ ही खाद्यान्न के क्षेत्र में भी विश्व का भरण पोषण करने वाला देश भी बनेगा। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. राजीव त्रिपाठी, आईआईआईटी भोपाल के निदेशक डॉ आशुतोष सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मोहन सेन एवं यूआईटी आरजीपीवी के निदेशक डॉ. सुधीर सिंह भदौरिया सहित अन्य उपस्थित रहे।





### वर्तमान वैश्विक परिधियों में दस्तावेजीकरण की आवश्यकता?

तकनीकी शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि भारत की परम्परा में दस्तावेजीकरण (पेटेंट) नहीं था, लेकिन वर्तमान वैश्विक परिधियों में दस्तावेजीकरण की आवश्यकता है। इसके लिए हमें भारतीय समाज में हर विद्या-हर क्षेत्र में विद्यमान ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध एवं अनुसंधान कर, दस्तावेजीकरण से समृद्ध करना होगा। भारत के नवाचारों को विश्व मंच पर, दस्तावेजीकरण के साथ रखना होगा।

### आरा मशीनों को छोटा रातीबड़ में भेजेगा प्रशासन, बरसों से बनी हैं बाधा

# मेट्रो प्रोजेक्ट की बड़ी बाधा बारिश में हटाने की तैयारी !

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**मेट्रो की राह में आने वाली बाधा हटाने के प्रयास तो किये जा रहे हैं लेकिन यह समय पर मुकम्मल नहीं हो पा रहे हैं। मसलन एम्स से सुभाष नगर मेट्रो रूट में बाधा बनी हुई आरा मशीनें सबसे बडी अडचन हैं। अब दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक एयरपोर्ट रोड स्थित छोटा रातीबड़ में शिफ्ट हो जाएंगी। हालांकि यह शिफ्टिं्ग बारिश में करने की तैयारी है। जो संभवत मुश्किल भी होगी।**

बहरहाल इन्हें दो चरणों में शिफ्ट करने की योजना बन रही है। पहले चरण में बरखेड़ी स्थित 46 मशीनें अगस्त तक शिफ्ट होंगी। इसके बाद दूसरे चरण की शिफ्टिंग शुरू होगी। साल के अंत तक सभी 105 मशीनों को शिफ्ट किया जाएगा। खास बात यह है कि अब इन्हें उद्योग में शामिल कर लिया गया है। इससे इन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाली सब्सिडी का फायदा भी मिलेगा। बरखेड़ी में स्थित इन मशीनों की शिफ्टिंग के लिए छोटा रातीबड़ में डेवलपमेंट का काम शुरू कर दिया गया है। यहां पर पहले 46 प्लॉट तैयार किए जा रहे हैं। यह 5 हजार वर्ग फीट से लेकर 8 हजार वर्ग फीट तक के हैं। पहले चरण में करीब 3 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए रोड नेटवर्क और पानी की व्यवस्था आदि की जा रही है। इससे मेट्रो का काम बरखेड़ी से लेकर भारत टॉकीज तक शुरू हो पाएगा। इसके बाद दूसरा चरण शुरू होगा। इसमें शिफ्टिंग की प्रक्रिया दिसंबर तक पूरी कर ली जाएगी।



उल्लेखनीय है कि भोपाल में मेट्रो प्रोजेक्ट में पहले ही देरी हो चुकी है। करीब दो साल पहले विधानसभा चुनाव के दौरान इसे रस्मी तौर पर चलाया गया था लेकिन इसकी लाभ अभी तक राजधानीवासियों को नहीं मिल पा रहा है, उल्टा इसके निर्माण के चलते बीते चार पांच साल से नागकिर सडकों पर आ रहे अवरोधों, डायवर्शन आदि से परेशान हैं। अब बारिश में फिर इन दिक्कतों के बढने की आशंका है।

### अंडरग्राउंड स्टेशन बनाने की तैयारी

उधर एम्स से करोंद तक 14.99 किमी लंबे मेट्रो रू ट में से एम्स से सुभाष नगर तक 6.22 किमी के रूट पर कमर्शियल रन की भी जोरों से तैयारी चल रही है। इसके आगे यानी सुभाष नगर से करोंद तक 8.77 किमी के रूट पर काम चल रहा है। भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 के सामने ईरानी डेरा पूरी तरह हट गया है। यहां पर मेट्रो का अंडरग्राउंड स्टेशन बनना है। इसका काम शुरू हो गया है।

### राजधानी में चार अकाल मौत

## मौसी के घर आए बच्चे की कुएं में गिरने से हुई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में पिछले चौबीस घंटों के भीतर चार लोगों की अकाल मौत हो गई। नजीराबाद में मौसी के घर शादी में पहुंचा पांच साल का एक बच्चा कुएं में झांकते समय अंदर जा गिरा। उसे कुएं से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इधर गोविंदपुरा में रहने वाले एक इंजीनियरिंग छात्र ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, जबकि बिलखिरिया इलाके में मल्टी की छठवीं मंजिल से नीचे गिरे एक युवक की मौत हो गई। बैरागढ़ में रहने वाले एक अन्य युवक ने भी घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। नजीराबाद पुलिस के मुताबिक राज अहिरवार (5) ग्राम सांगोल थाना शमशाबाद से चचेरे मौसी के घर शादी में मां के साथ आया हुआ था। सुबह करीब ग्यारह बजे मां और मौसी घर के पास ही मौजूद कुएं पर पहुंची । राज भी उनके पीछे-पीछे कुएं पर पहुंच गया। वह कुएं के अंदर झांकने लगा, तभी संतुलन बिगडने़ से वह अंदर जा गिरा। कुएं के अंदर पानी के साथ ही पथरीली जगह भी है, जहां वह गिरा था। उसे किसी तरह बाहर निकाल कर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां मौत हो गई। उधर गोविंदपुरा इलाके में रहने वाले एक इंजीनियरिंग छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि सुनील कुमार यादव (20) मूलत- समस्तीपुर बिहार का रहने वाला है। फिलहाल वह भारती निकेतन गोविंदपुरा में किराए से रहता था और प्राइवेट कालेज से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था। रविवार की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे मकान मालिक की नजर पड़ी तो वह फांसी के फंदे पर लटका दिखा। मृतक के पास एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने अपनी मर्जी से आत्महत्या करने की बात लिखी है। सुसाइड नोट में उसने किसी को भी कसूरवार नहीं ठहराया है। पुलिस ने छात्र के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी, जिसके बाद परिजन भोपाल के लिए निकल गए हैं। बिलखिरिया इलाके में मल्टी की छठवीं मंजिल से नीचे गिरे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि राहुल पाटिल (31) कोकता मल्टी की सी ब्लाक में रहता था और सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। हालांकि पिछले करीब दो महीने से वह बेरोजगार चल रहा था। दो दिन पहले वह घर से बगैर बताए गायब हो गया था। रविवार की रात करीब आठ बजे राहुल घर पहुंचा था। रात करीब दस बजे वह अचानक बिल्डिंग की छठवीं मंजिल से नीचे जा गिरा। गिरने की आवाज सुनकर मौके पर परिजन और अन्य लोग पहुंच गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस भी घटनास्थल पहुंच गई। उसे एम्बुलेंस की मदद से इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया, जहां देर रात राहुल ने दम तोड़ दिया।



**आबकारी अमले ने प्रकरण दर्ज किये**

## होटलो ढाबों में अवैध रूप से शराब परोसने पर एक्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में बीते करीब दस दिन से आबकारी अमला खासा सक्रिय है। यह अमला होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा समेत अन्य जगहों पर अवैध रूप से शराब परोसे जाने के मामले में लगातार कार्रवाई कर रहा है। हालांकि इससे भी इस अवैध काम पर पूरी तरह रोक नहीं लग सकी है। बीती रात भी शहर के अनेक स्थानों पर कार्रवाई कीगई। इस दौरान छह से अधिक जगहों पर अवैध रूप से शराब परोसे जाने के मामले दर्ज किए गए। इसमें आम लोगों के साथ होटल और रेस्टोरेंट संचालकों पर भी कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग की टीम ने कोलार रोड, आईएसबीटी और केरवा डेम रोड के रेस्टोरेंट और होटल ढाबों पर देर रात तक तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 18 कीस, एलएन होटल, देशी तड़का, देशी ढाबा, नटखट ढाबा, भैया लाल ढाबा, बेसिल रेस्टोरेंट, ट्री चैप्टर, ईडन आदि होटल/ढाबा, रेस्टोरेंट चेक किए गए। बताया जाता है कि जिन जगहों पर अवैध रूप से मदिरापान हो रहा था वहां इन होटल और ढाबा संचालकों और मालिकों पर विधिवत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। आबकारी विभाग बीते एक सप्ताह से लगातार कार्रवाई कर रहा है। यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है और आगे भी जारी रहेगी।



## लालचंदानी की याद में 13 को निः शुल्क शिविर

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

मानव सेवा ही माधव सेवा के उद्देश्य से दिवंगत श्री जेठानंद लालचंदानी की 36वीं पुण्यतिथि पर चिरायु मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के सहयोग से 13 मई को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक ईदगाह हिल्स स्थित सिंधी कम्युनिटी हॉल में समाज के सभी वर्गों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रहा है। शिविर में निम्नलिखित बीमारियों की जाँच की जाएगी- हृदय रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, छाती और श्वास रोग, बाल रोग, नेत्र रोग, दंत रोग, नाक, कान और गले के रोग, सर्जरी, त्वचा रोग, मानसिक रोग, पेट रोग, गुर्दे और मूत्र रोग, और मधुमेह। शिविर में डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी, ईसीजी, इको, पीएफटी और सभी प्रकार के रक्त परीक्षण भी निशुल्क किए जाएंगे। चिरायु मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम इस शिविर में उपस्थित रहेगी। डॉक्टर के परामर्श के बाद सभी रोगियों को निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर का लाभ लेने के लिए 0930005357 पर पंजीयन कराया जा सकता।

**वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम शिविर में रहेगी उपस्थित**

**मेट्रो एंकर**

### सिद्धभाऊजी ने मेधावी विद्यार्थियों को दी और मेहनत की सीख

## नवयुवक परिषद ने बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

नवयुवक परिषद ने 2025-26 सत्र के लिए निर्धन और मेधावी छात्रों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की। 1800 से अधिक छात्रों को सामग्री प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम की शुरूआत सिद्धभाऊजी द्वारा की गई परिषद के पदाधिकारियों, हीरो ज्ञानचंदानी और महेश दयारामानी ने बताया कि 1978 में स्थापित होने के बाद से, परिषद ने 12000 से अधिक छात्रों को उनकी शिक्षा में सहायता की है। वर्तमान में, परिषद नर्सरी से स्नातकोत्तर तक के 1864 छात्रों को शैक्षणिक सहायता और मुफ्त कोचिंग प्रदान कर रही है। वितरण कार्यक्रम सेवाधारी अशोक चैनानी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ता विजय फबयानी, कन्हैया रामनानी, थांवर वरलानी, मनोहर शेवानी, मनोहर वासवानी, लखन भागचंदानी और पंकज गुरमलानी भी उपस्थित थे। कोचिंग कक्षाओं से जुड़ी शिक्षिकाओं, प्रीति आहूजा, किरण अधिकारी और अन्य स्वयंसेवकों का योगदान रहा।





### उधर विशेषज्ञों की चिंता, मूंग में कीटनाशकों के प्रयोगों से सेहत के साथ हो रहा खिलवाड़

# बेमौसम बारिश से पहले बोई मूंग को नुकसान, बाद की फसल को फायदा

दोहपर मेट्रो, भोपाल

**पूर्व में लगाई मूंग की फसल खेतों में पक्कर तैयार है, जिसे बेमौसम बारिश की वजह से नुकसान हो रहा है। जबकि जो फसल बाद में लगाई थी, उसे बारिश में फायदा हो रहा है। बारिश के साथ तेज हवाओं के कारण आम जैसी फसलों को भारी नुकसान पहुंच रहा है, फल टूटकर खराब हो रहे है। लोगों को इस बात की भी चिंता है कि खेतों में लगाई सब्जी फसलें को ओले गिरने से नुकसान पहुंच रहा है। कुल मिलाकर बेमौसम बारिश से फायदा कम, नुकसान ज्यादा हो रहा है। उधर मूंग जैसी फसलों में कीटनाशकों के उपयोग से विशेषज्ञों को आम लोगों की सेहत के प्रति चिंता सता रही है।**

नर्मदापुरम, हरदा समेत कई जिलों के कई किसान मूंग की फसल में अधिक फूल लगने, दाने मोटे व चमकीले होने और पककर तैयार फसल को जल्दी सुखाने के लिए कई तरह की जहरीली दवाओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। इन तमाम कारणों के चलते लोग मूंग का सेवन करना छोड़ रहे हैं। यहां तक कि अब उपभोक्ता विक्रेताओं से पूछने लगे हैं कि मूंग किस जिले में पैदा हुई थी। कीटनाशकों के अंधाधुंध उपयोग कर पैदा की जाने वाली मूंग की गुणवत्ता और जमीन के उपजाऊपन का संतुलन बिगड़ रहा है जिसे देखते हुए सरकार भी उक्त खेती में कीटनाशकों का उपयोग करने वाले जिलों के किसानों को पहले विशेषज्ञों के जरिए समझाइश दिलवा रही है, नहीं मानने वाले किसानों को हतोत्साहित कर रही है।

### खेती के कीटनाशक रसायनों के उपयोग की लगी होड़

विशेषज्ञों का कहना है कि किसानों द्वारा मूंग को जल्दी सुखाने के लिए खरपतवार नाशक पैराक्वेट एवं ग्लाइफोसेट का उपयोग किया जा रहा है, इससे फसल जल्दी पक जाती है। इसका दुष्प्रभाव वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले आमजन पर भी होता है। इससे विभिन्न प्रकार की बीमारियों के बढ़ने की संभावना होती है। खेती में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों और अन्य पौध संरक्षण रसायनों के उपयोग की होड़ लगी है। इससे जमीन जीव को नुकसान और जल निकाय स्त्रोत ने प्रदूषण की संभावना बढ़ गई है। इसी प्रकार पौध संरक्षण रसायनों के अनियंत्रित उपयोग के परिणामस्वरूप हमारे द्वारा ग्रहण किये जाने वाले भोजन में रासायनिक अवशेषों की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है। इसके परिणामस्वरूप बीमारियों और नवीन स्वास्थ्य विकारों के मामलों में वृद्धि हुई है। मिट्टी को भी नुकसान हो रहा है।

### दावा- पहले उज्जैन-इंदौर में दौड़ेंगी सरकारी लोक परिवहन सेवा

# 80 करोड़ रुपए मिले, फिर भी सरकारी बस सेवा का पता नहीं



### अफसरों की तैयारियां इतनी कम कि 11 महीने बाद भी रोड पर नहीं उतरीं बसें

दोहपर मेट्रो, भोपाल

सरकारी लोक परिवहन सेवा चालू करने की घोषणाओं को 11 महीने होने जा रहे हैं, अब तक बसें रोड़ पर नहीं उतरी। इसकी वजह अफसरों की तैयारियों में कमियां होना है। जबकि सीएम डॉ. मोहन यादव ने जून 2024 को उक्त् सेवा को जल्द शुरू करने की घोषणा की थी। तब से लेकर अब तक अधिकारी केवल तैयारियां ही कर रहे हैं, कई दौर की बैठकें हो चुकी है। बीते विधानसभा सत्र में सरकार ने मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवा योजना की घोषणा की थी। जिसमें 80 करोड़ रुपए का प्रावधान भी किया था।



### ये केवल दावे, जमीन पर कुछ नहीं-

- अधिकारियों के दावे है कि पहले चरण के सर्वे के तहत इंदौर, उज्जैन में रूट चिन्हित करने का काम पूरा हो गया है। इन संभागों में पहले बसें चलाने की कवायद की जा रही है।
- दूसरे चरण के सर्वे के तहत जबलपुर व सागर संभागों के जिलों में रूट चिन्हित किए जाएंगे।
- परिवहन विभाग अब तक सीमित क्षेत्रों में ही सर्वे करा रहा था, अब इसका दायरा बढ़ा दिया है।
- कंपनी एक्ट के तहत कंपनियों के गठन की प्रक्रिया का जिम्मा अलग अफसरों को सौंपा है।
- निष्क्रिय पड़े सड़क परिवहन निगम की संपत्तियों को नए सिरे से खंगाला जा रहा है, ताकि कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें कंपनियों के बीच वितरित कर मुख्यमंत्री सुगम लोक परिवहन सेवाओं के तहत उपयोगी बनाया जा सके।
- कंपनियों के लिए ऑर्गनाइजेशन स्ट्रक्चर का खाका तैयार किया जा रहा है। इस पूरी प्रक्रिया में सुझाव लेने संबंधी प्रक्रिया लगातार जारी है, ताकि नई व्यवस्था को अधिक से अधिक प्रभावी बनाया जा सके।
- सर्वे में बस ऑपरेटरों से फीडबैक लिया जा रहा है, यात्रियों से उनकी राय पूछी जा रही है ताकि जिन मार्गो को चिन्हित किया जा रहा है या किया जाना है उन पर वस्तु स्थिति साफ हो सके। इसी पूरी व्यवस्था में जिला स्तरीय समितियों का गठन होना है, इसकी तैयारी शुरू कर दी है।
- सिटी ट्रांसपोर्ट कंपनियों की चल-अचल संपति, नई गठित की जाने वाली कंपनियों को दी जाएगी। इस दिशा में भी काम शुरू कर दिया है।
- मौजूदा सिटी बस कंपनियों के कार्यालय भवन का उपयोग नवीन सहायक कंपनियां करेंगी। इनके कार्यालय की अचल सपंतियां, जो नगरीय निकाय निधि से अर्जित या निर्मित हैं, उनका मूल्यांकन शुरू किया जाना है।

### जिस समिति के निर्देशन में काम होने है, वह समिति ही नहीं बनाई

लोक परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने और जल्द जमीन पर उतारने के लिए जिला स्तर पर समितियों का गठन होना है। समन्वयक कलेक्टर होंगे, सांसद, विधायकगण, महापौर, नगर पालिका, जिला पंचायत, नगर परिषद, जनपद पंचायत के अध्यक्ष, आयुक्त नगर निगम, जिला व जनपद पंचायतों के सीईओ, नपा के सीएमओ, पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री, जिला परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण व कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रहेंगे। लेकिन उक्त् समितियों का गठन ही नहीं हुआ।

### संगठन में जान फूंकने की कवायद

# विधायकों व जिलाध्यक्षों को तीन दिन की ट्रेनिंग देगी मप्र कांग्रेस

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मप्र कांग्रेस अब चुनावों में हार और दलबदल के चलते परेशानी से उबरने की कोशिश में है। कांग्रेस अपने कैडर मैनेजमेंट पर फोकस कर रही है। उसने अपने सभी विधायकों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों, विधानसभा प्रभारियों को अब कांग्रेस आवासीय प्रशिक्षण देने का फैसला भी किया है। अगले महीने 9 से 15 जून के बीच सर्वोदय की पद्धति पर दो से तीन दिन का यह आवासीय प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। गा। ट्रेनिंग कैम्प में प्रशिक्षण लेने वाले विधायकों, जिला अध्यक्षों सहित सभी नेताओं को एक निश्चित राशि बतौर पार्टी के पास जमा करनी होगी। एआईसीसी ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के प्रमुख सचिन राव और एमपी कांग्रेस के प्रशिक्षण विभाग द्वारा ये ट्रेनिंग कैम्प आयोजित किया जाएगा।

बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही जब भोपाल में कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के साथ बैठक हुई थी तब यह तय हुआ कि पार्टी कार्यकर्ताओं को आइडियोलॉजी के आधार पर जोड़ने के लिए विधायकों, जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों से लेकर ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर और बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिए जाएं। सबसे पहले होने वाली ट्रेनिंग में कांग्रेस पार्टी के इतिहास, राजनीतिक सफरनामे से लेकर वर्तमान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में बताया जाएगा।



### कांग्रेस ने ट्रेनिंग के लिए तैयार किया मॉड्यूल

इसके लिये कांग्रेस ने एक ट्रेनिंग मॉड्यूल तैयार किया है। इसमें प्रशिक्षणार्थियों को ये बताया जाएगा कि वर्तमान में एआई के युग में फेक न्यूज और कंटेंट और फैक्ट को कैसे पहचानें। विरोधी दल द्वारा सोशल मीडिया पर किए जाने वाले दुष्प्रचार को रोकने के तौर तरीके भी बताए जाएंगे। मप्र के संगठन प्रभारी महासचिव संजय कामले के मुताबिक लंबे समय से पार्टी इस बात पर विचार कर रही थी कि हमारे सभी नेता और कार्यकर्ता प्रशिक्षित हों और उन्हें उनके दायित्वों की जानकारी हो। लिहाजा प्रशिक्षण विभाग का गठन किया गया था,इसके अध्यक्ष महेन्द्र जोशी ने प्रेजेंटेशन दिया गया था इसके बाद सैद्धांतिक रूप से तय किया गया कि तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाए। उस प्रशिक्षण में सभी जिलाध्यक्ष, विधायक, जिला प्रभारी, सह प्रभारी, पीसीसी के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे।

## प्रोत्साहन राशि की घोषणा का परिणाम, 77.74 लाख मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीदी

दोहपर मेट्रो, भोपाल

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों के हित में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अतिरिक्त 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस की घोषणा के परिणामस्वरूप इस वर्ष लगभग 9 लाख किसानों से 77 लाख 74 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष 48 लाख 38 हजार मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन हुआ था। मंत्रीर ाजपूत ने किसानों के हित में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा दिये गये बोनस पर उनका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि गेहूँ के उपार्जन में मध्यप्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है।



**गत वर्ष हुआ था 48.38 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन**

मंत्री राजपूत ने बताया है कि किसानों से उपार्जित गेहूँ में से 73 लाख 51 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का सुरक्षित भण्डारण भी किया जा चुका है। किसानों को उपार्जित गेहूं का भुगतान भी लगातार किया जा रहा है। अभी तक लगभग 17 हजार 870 करोड़ रूपये से अधिक का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रूपये है और राज्य सरकार द्वारा 175 रूपये प्रति क्विंटल बोनस दिया गया है। इस तरह से गेहूं की खरीदी 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से की गयी।

**मप्र स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स ने की ऐतिहासिक कार्रवाई**

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर तासी शेरपा को पांच साल का कठोर कारावास

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर तासी शेरपा को 9 साल की जाँच के बाद ट्रॉयल कोर्ट नर्मदापुरम ने 9 मई, 2025 को सुनवाई के बाद 5 साल के कठोर कारावास और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। तस्कर तासी शेरपा को अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में 25 जनवरी, 2024 को गिरफ्तार किया गया था।

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में जुलाई-2015 में बाघ के अवैध शिकार और बाघ की हड्डियों की चीन में अवैध तस्करी के प्रकरण में अपराधी तस्कर तासी शेरपा को स्टेट टाइगर फोर्स को विवेचना के लिये सौंपा गया था। स्टेट टाइगर फोर्स ने एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी नर्मदापुरम ने 27 आरोपियों को दोषी ठहराया था।

स्टेट टाइगर फोर्स ने वैज्ञानिक विवेचना करते हुए तासी शेरपा के ब्रेन मेपिंग और नार्को एनालिसिस करवाया। इससे उसके खिलाफ महत्वूर्ण सबूत मिले, जिसके अतिरिक्त साइबर डेटा भी एकत्रित कर न्यायालय में महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में पेश किया गया। जांच के दौरान एसटीएसएफ ने इंटरपोल, वन्य-जीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों से सहायता भी ली गयी।




**मेट्रो एंकर** जल गंगा संवर्धन अभियान- प्रदेश में निर्मित हो रहे है 1012 अमृत सरोवर

# 41 दिनों में ही तय लक्ष्य से ज्यादा पर काम शुरू

दोहपर मेट्रो, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृव में प्रदेश में जल गंगा संवर्धन महाअभियान चलाया जा रहा है। इस महाअभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन से की थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल प्रदेश में जलसंरचनाओं के संरक्षण के लिए प्रदेश में नदियों के उदगम स्थलों का दौरा कर रहे हैं।



अभियान तीव्र गति से अपने लक्ष्यों को पूर्ण करने की ओर बढ़ रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत प्रदेश में 1 हजार अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा था। अभियान के 41 दिवस में ही निर्धारित लक्ष्य से अधिक प्रदेश में 1012 अमृत सरोवरों को बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

अभियान में कूप रिचार्ज पिट, बावड़ी, खेत-तालाब, अमृत सरोवर, बोरी बंधान, चेकडैम सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके साथ पुराने जल स्त्रोतों की सफाई, नदियों की जल धाराओं को जीवित के लिए गेबियन संरचना, कंटूर ट्रेंच जैसे जल संरक्षण संरचनाओं का कार्य किया जा रहा है।

**अमृत सरोवरों से बढ़ेगा भू-जल स्तर-** प्रदेश में बड़ी संख्या में अमृत सरोवर बन जाने से प्रदेश का भू-जल स्तर बढ़ेगा। इससे जल संकट की समस्या से निजात मिलेगी। गर्मियों में कुओं, हैंडपंपों और ट्यूबवेलों का जलस्तर कम नहीं होगा। साथ ही, ग्रामीण आजीविका के साधन भी बढ़ेंगे। सिंचाई के साथ मछली पालन और सिंघाड़े की खेती सहित अन्य गतिविधियों में सरोवरों का पानी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी सहेजना और पुराने जल स्त्रोतों को संवारना है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे महाअभियान में प्रदेश में भू-जल स्तर पर सुधार आएगा। कुओं, नलकूपों का जलस्तर बढ़ेगा। इसके साथ ही किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी भी उपलब्ध होगा।

### 30 जून तक जारी रहेगा अभियान

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान तीन माह तक चलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा 30 मार्च से प्रदेशव्यापी महाअभियान की शुरुआत की गई है, जो 30 जून 2025 तक संचालित किया जाएगा।


## संपादकीय

# अलग थलग होने की राह पर पड़ोसी

हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान की हालत चाहे जो हो लेकिन उसकी हरकतों के चलते तरस खाने को कोई तैयार नहीं होता। उसकी बेजा हरकतों और आतंकवादियों को शह देने की प्रवृत्ति ने ही भारत के सामने आखिरी विकल्प के रूप में आतंकियों को ठोस जवाब देने की स्थिति पैदा कर दी और सेनाओं ने पाक के सारे मुगालते भी दूर कर दिंये। पहलगाम में आतंकी हमला धीरज रखने की अंतिम हद थी, जिसके बाद भारत ने वही किया, जो इसके लिए उचित था। अब सीमा पार आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान वैश्विक समुदाय के सामने जिस तरह अपनी व्यथा को पेश करने की कोशिश कर रहा है, उसमें आमतौर पर किसी देश ने कोई रुचि नहीं दिखाई है। पाकिस्तान ने सीजफायर को भी तोडकर यह साफ कर दिया है कि वह इसी तरह के इलाज का हकदार है जो भारत ने किया है। इसके कारण भी साफ हैं। दरअसल, ज्यादातर देश जानते हैं कि दुनिया भर में आतंकवाद ने एक जटिल समस्या के रूप में जड़ पकड़ी और अलग-अलग देशों को बुरी तरह प्रभावित किया है, तो उसमें पाक की क्या भूमिका रही है। आतंकियों को पलने-बढ़ने और प्रशिक्षण हासिल करने के आसान ठिकाने मुहैया करा कर पाकिस्तान ने क्या साबित करने की कोशिश की है? आखिर किन वजहों से कुछ आतंकवादी संगठनों को अपनी गतिविधियां संचालित करने के लिए पाकिस्तान एक सुरक्षित ठिकाना लगता रहा है? जाहिर है, बिना शह और संरक्षण के आतंकवादी किसी ऐसी जगह को अपने लिए सुरक्षित नहीं मान सकते। हालांकि संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जब भी आतंक का पोषण करने के मसले पर पाकिस्तान पर सवाल उठे, तब उसने हर बार इस आरोप से अपना पल्ला झाड़ने की कोशिश की। मगर भारत ने दुनिया के तमाम प्रभावशाली देशों के सामने आतंकवाद के मसले पर पाकिस्तान के बारे में स्पष्ट तथ्य रखे। यह बेवजह नहीं है कि पाकिस्तान अब भारत का जवाब झेलते हुए एक मुश्किल स्थिति से गुजर रहा है तो दुनिया के देश यह समझ रहे हैं कि इस स्थिति के लिए खुद पाकिस्तान का रुख जिम्मेदार है। इसी कारण अपनी सीमा में स्थित आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले को आधार बना कर वह वैश्विक समुदाय को अपना पक्ष बताने की कोशिश कर रहा है। मगर पिछले कई दशकों से आतंकवाद को जटिल बनाने में उसका जो रवैया रहा है, उसे देखते हुए तमाम देश भारत के जवाबी हमले और उससे उपजी स्थिति के बारे में पाकिस्तान पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। दूसरी ओर, भारत ने धीरज छूटने के बाद जिस तरह जवाब के तौर पर 'केंद्रित और नपी-तुली' कार्रवाई की, दुनिया के करीब सभी प्रभावशाली देशों ने उसका मजबूत आधार देखा और उसे उचित माना। कूटनीतिक मोर्चे पर भारत की इस पहलकदमी के सकारात्मक नतीजे सामने आए। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद से अब तक जो वस्तुस्थिति सामने रही है, वह दुनिया की नजर में है और इसी वजह से कई देशों ने भारत के रुख का समर्थन किया। इसका नतीजा दस मई की शाम को सीजफायर के तौर पर आया भी लेकिन पाकिस्तान ने इसे भी तोडकर यह जाहिर किया है कि अंदरूनी पर वहां सेना और सरकार के बीच सब कुछ बेपटरी है। भारत के मजबूत के बाद पाकिस्तान के दुनियाभर में अलग-थलग पड़ने की रफ्तार और तेज होगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि कम से कम अब तो वह इस हकीकत को समझने और स्वीकार करने को तैयार हो कि आतंक को शह और संरक्षण देकर वह क्या क्या गंवाता जा रहा है।

# सिंदूर ऑपरेशन के साथ मीडिया और सरकार के लिए भी सबक

■ आलोक मेहता



भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर फर्जी खबरों की बाढ़ आ गई ।यही नहीं कुछ प्रतिष्ठित और अधिकाधिक दर्शकों तक पहुँचने का दावा करने वाले भारतीय टी वी न्यूज़ चैनल्स और उनकी वेबसाइट्स ने भी प्रतियोगिता की हड़बड़ी में देर रात ऐसी भ्रामक और उत्तेजक खबरें प्रसारित कर दी । देश विदेश में हंगामा सा हो गया । महिलाऐं और बुजुर्ग रात भर रिश्तेदारों को फोन करते रहे । कई तरह की फर्जी खबरें सामने आने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों ने आनन-फानन में बैठक बुलाई और पूरी सक्रियता के साथ इनसे निपटने के उपायों पर चर्चा की। सरकार ने भ्रामक सूचनाओं को तत्काल हटाने के आदेश दिए।अगले दिन से मीडिया कुछ संयमित दिखा । इस राष्ट्रीय संकट जैसी स्थिति में मीडिया की स्वतंत्रता से अधिक स्वच्छंदता और भारत विरोधी ताकतों को अप्रत्यक्ष रुप से सहायता कहा जा रहा है । लेकिन सवाल यह है कि समाचार माध्यमों , अत्याधुनिक संचार सुविधाओं के असीमित विस्तार के बावजूद भारतीय संसद , सरकार और सुप्रीम कोर्ट अब तक कोई कारगर कड़े नियम कानून अख़बार , टी वी या यू ट्यूब चैनल्स , वेबसाइट्स और सोशल मीडिया के लिए लागू नहीं कर सकी है । क्या सुरक्षा , इमरजेंसी में इलाज या प्राकृतिक विपदा में बचाव के नियम और उपाय पहले से तय नहीं होते हैं । सरकार और संसद और कोर्ट भी वर्षों से सोच विचार , बहस या तात्कालिक निर्णय करती रही है, लेकिन अब समय आ गया है जबकि मीडिया के लिए ठोस नियम कानून बनाए जाएं ।

संभव है कि मीडिया के कई मित्र या कुछ संगठन मेरी बातों से असहमत हों , लेकिन मैंने जिन वरिष्ठ सम्पादकों के साथ काम किया और देश के शीर्ष नेताओं को जाना समझा है , वे सीमा रेखा और आचार संहिता पर जोर देते रहे । ऐसे सम्पादकों या प्रेस परिषद् ने जो कोड ऑफ़ इथिक्स तय किए , उन्हें आज कई मीडिया संस्थान और पत्रकार नहीं अपना रहे । प्रेस की आज़ादी के नाम पर अमेरिका के कानूनों का उल्लेख किया जाता है और अमेरिका या यूरोप के कुछ संगठन भारत की स्थिति पर रोना गाना करते हैं । लेकिन भारत में उन्हें कोई ध्यान नहीं दिलाता कि कई दशकों से अमेरिका में रिपब्लिकन राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में मीडिया पर अंकुश के कई कदम उठाए जाते रहे हैं । वहां सत्ता से जुड़े या विरोधी मीडिया खुलकर बंटे हुए हैं ।

फ़िलहाल भारत की बात की जाए । कई तरह की फर्जी खबरें सामने आने के बाद सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों ने आनन-फानन में बैठक बुलाई और पूरी सक्रियता के साथ इनसे निपटने के उपायों पर चर्चा की। , दोनों मंत्रालयों की तरफ से सोशल मीडिया पर अपलोड की जा रही सामग्री पर लगातार नजर रखी जा रही है और उन्हें ब्लॉक कराने के लिए आवश्यक निर्देश भी जारी किए जा रहे हैं। दोनों मंत्रालयों के अधिकारियों की बैठक में माना गया कि सोशल मीडिया मंच पर भ्रामक सूचनाओं की बाढ़ आ गई है। बड़ी संख्या में ऐसे पोस्ट और वीडियो सामने आने के बाद सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) की फैक्ट चेक इकाई भी सक्रिय हो गई है। वायरल दावों का खंडन किया जा रहा है। बतौर उदाहरण, एक पोस्ट में डीआरडीओ के वैज्ञानिक के हवाले से दावा किया गया कि ब्रह्मोस मिसाइल के कलपुर्जों में कथित तौर पर कुछ खराबी है। इसके बाद फैक्ट चेक इकाई ने साफ किया कि ऐसा कोई वैज्ञानिक डीआरडीओ में काम ही नहीं करता है। इसी तरह, सरकार की तरफ से इस दावे को भी बेबुनियाद बताया गया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बहावलपुर के पास एक भारतीय राफेल जेट मार गिराया गया है।असल में पाकिस्तान ने तो भारत की सेना और हमलों को लेकर लगातार झूठे प्रचार का हथकंडा हमेशा अपनाया है । इस बार डिजिटल क्रांति और सोशल मीडिया ने इस दुष्प्रचार को हथियार का इस्तेमाल किया है । यह संतोष की बात है कि मोदी सरकार और सेना ने नियमित रुप से सही प्रामाणिक जानकारियां देने का प्रयास किया ।सरकार की तरफ से सोशल मीडिया मंच उपयोगकर्ताओं को संयम बरतने की सलाह भी दी है। आईटी मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी पोस्ट में कहा - ' गैर-सत्यापित जानकारी पर भरोसा न करें और उसे साझा करने से बचें। सही जानकारी के लिए सरकार के आधिकारिक स्रोतों की जांच करें। पहलगाम हमले के बाद भड़काऊ सामग्री पर लगाम कसने के प्रयासों के तहत ही सरकार डॉन न्यूज, जियो न्यूज जैसे तमाम पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों को प्रतिबंधित कर चुकी है।पहलगाम हमले के बाद सीमा पार से साइबर हमले की कई कोशिशें की जा चुकी है, जिसे देखते हुए भारत के अहम सैन्य और बुनियादी ढांचे से जुड़े प्रमुख संस्थान पहले से ही हाई अलर्ट पर हैं। बिजली, बैंक और वित्तीय संस्थान और दूरसंचार से जुड़े संगठनों में खास तौर पर सतर्कता बरती जा रही है।




संसद की एक स्थायी समिति ने सूचनाओं के प्रवाह की निगरानी करने वाले दो प्रमुख मंत्रालयों से पहलगाम आतंकी हमले के बाद 'राष्ट्रीय हित के खिलाफ काम करते प्रतीत होने वाले' सोशल मीडिया मंचों और इंफ्लुएंसर के खिलाफ की गई कार्रवाई के बारे में विवरण मांगा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संचार और सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी स्थायी समिति ने इस बात को अपने संज्ञान में लिया है कि भारत में कुछ सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और मंच 'देश के हित के खिलाफ काम कर रहे हैं, जिससे हिंसा भड़कने की आशंका है।'समिति ने सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालयों को लिखे पत्र में 'आईटी अधिनियम 2000 और सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 के तहत ऐसे मंचों पर प्रतिबंध लगाने के लिए की गई विचारित कार्रवाई' का विवरण मांगा है।राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के खिलाफ कथित तौर पर सामग्री पोस्ट करने के बाद कई सोशल मीडिया हैंडल प्रतिबंधित भी हुए हैं ।

संसद की समिति फर्जी समाचारों पर अंकुश लगाने के तंत्र की समीक्षा विषय की जांच करेगी और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा मीडिया उद्योग के अन्य हितधारकों के प्रतिनिधियों से साक्ष्य के बारे में सुनेगी।यह ध्यान देने की बात है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रेस सूचना ब्यूरो के अंतर्गत फैक्ट चेक यूनिट ने पहले भी मार्च, 2025 तक फर्जी खबरों के 97 से अधिक मामलों की पहचान की थी । रेलवे, सूचना एवं प्रसारण, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा को सूचित किया था कि मंत्रालय ने 2024 में 583, 2023 में 557 और 2022 में 338 फर्जी खबरों की पहचान की है। 2022 से अब तक मंत्रालय ने कुल 1,575 फर्जी खबरों के मामलों को चिन्हित किया है। 2025 में अब तक पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट को लगभग 5,200 प्रश्न प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,811 को कार्रवाई योग्य माना गया।

पिछले साल नवंबर में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन और एडिटर्स गिल्ड ऑफ़ इंडिया समेत मीडिया संगठनों को फ़र्जी ख़बरों पर लगाम लगाने के मुद्दे पर गवाही देने के लिए बुलाया था। समिति ने पहले फ़र्जी ख़बरों से निपटने के तंत्र और ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म से जुड़ी उभरती चुनौतियों की समीक्षा करने का फ़ैसला किया था। पिछले साल, बॉम्बे हाई कोर्ट ने संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियम, 2021 की एक धारा को रद्द कर दिया था, जो सरकार को अपनी स्वयं की तथ्य जाँच इकाई स्थापित करने के लिए अधिकृत करती थी। इस के पास सूचना को नकली, झूठी या भ्रामक के रूप में लेबल करने का अधिकार था, जो सोशल मीडिया बिचौलियों के लिए सुरक्षित बंदरगाह सुरक्षा को खतरे में डालता था यदि वे ऐसी सामग्री को हटाने में विफल रहते थे। मीडिया से उम्मीद की जाती है कि वे डीपफेक और डॉक्टर्ड कंटेंट जैसी फर्जी खबरों से जुड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के साथ सहयोग करेंगे।पिछले साल दिसंबर में, वैष्णव ने टिप्पणी की, यह एक बड़ी चुनौती है जिसका सामना दुनिया भर के समाज कर रहे हैं - सोशल मीडिया की जवाबदेही, विशेष रूप से फर्जी खबरों और फर्जी सूचनाओं खबरों के संदर्भ में महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि सामाजिक और कानूनी जवाबदेही स्थापित करने के लिए एक महत्वपूर्ण आम सहमति की आवश्यकता है। ये ऐसे मुद्दे हैं जहाँ एक ओर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आती है और दूसरी ओर जवाबदेही और एक उचित वास्तविक समाचार नेटवर्क का निर्माण होता है। ये ऐसी चीजें हैं जिन पर बहस करने की जरूरत है और अगर सदन सहमत होता है और अगर पूरे समाज में आम सहमति होती है तो हम नया कानून बना सकते हैं।

इस सन्दर्भ में इस तथ्य को ध्यान में रखा जाए कि ब्रिटेन या यूरोप के देशों में अख़बार , न्यूज़ चेनल्स की संख्या सीमित है । ब्रिटेन में तो राज सत्ता यानि राज परिवार पर आज भी कई खबरें नहीं छापी जा सकती है । सरकार के कोप से मीडिया सम्राट मुर्डोक तक को अपना एक बड़ा टैब्लॉइड अख़बार बंद करना पड़ा था । कहे दशक अमेरिका में प्रेस की स्वतंत्रता के अधिकार में कटौती के प्रयास हो रहे हैं ।। रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों ही पार्टियों के प्रशासन ने व्हिसलब्लोअर और पत्रकारों के स्रोतों पर मुकदमा चलाने के लिए जासूसी अधिनियम का उपयोग करना सामान्य बना दिया है। न्याय विभाग ने जासूसी अधिनियम के तहत विकीलीक्स के संस्थापक जूलियन असांजे को दोषी ठहराया। ऐसा करके उन्होंने कुछ ऐसा हासिल किया जो कभी अकल्पनीय माना जाता था । नियमित समाचार एकत्रीकरण गतिविधियों का सफल अपराधीकरण , जिसके बारे में लंबे समय से माना जाता था कि वे पहले संशोधन द्वारा संरक्षित हैं। पत्रकारिता के इस अपराधीकरण के साथ-साथ पत्रकारों की निगरानी में भी वृद्धि हुई है। और अगर दक्षिणपंथी थिंक टैंक हेरिटेज फाउंडेशन को अपनी राह मिल जाती है, तो पत्रकारों की निगरानी करना और उनके स्रोतों पर मुकदमा चलाना बहुत आसान हो जाएगा।

अमेरिकी रिपब्लिकन सरकार के समर्थक एक बड़े संस्थान नए मीडिया पर नियंत्रण के लिए प्रोजेक्ट 2025 बनाकर दिया हुआ है । इसके घोषित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए न्याय विभाग को व्हिसलब्लोइंग के खिलाफ़ अपने पास उपलब्ध सभी उपकरणों का उपयोग करने के लिए बाध्य करना है । हेरिटेज फाउंडेशन पत्रकारों और मुखबिरों पर इस कार्रवाई को यह कहकर उचित ठहराता है कि खुफिया कर्मियों के पास इंस्पेक्टर जनरल और कांग्रेस द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा के तहत वैध मुखबिरों के दावों तक पर्याप्त पहुंच है। 2022 में अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने एक संशोधित नीति लागू की , जब न्याय विभाग एक पत्रकार के संचार रिकॉर्ड प्राप्त कर सकता था या उन्हें गवाही देने के लिए मजबूर कर सकता था। यह कदम उन खुलासों के जवाब में आया है कि ट्रम्प प्रशासन ने द न्यूयॉर्क टाइम्स के चार पत्रकारों के ईमेल रिकॉर्ड मांगे थे , और द वाशिंगटन पोस्ट के तीन पत्रकारों के फोन रिकॉर्ड और सीएनएन रिपोर्टर के फोन और ईमेल रिकॉर्ड को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया था । ये सभी जब्तियां वर्गीकृत सूचनाओं के लीक होने की जांच का हिस्सा थीं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# विरासत में मिले जज्बे को निखारतीं सोफिया

■ अरुण नैथानी



कभी-कभी नकारात्मक परिदृश्य में ऐसी सकारात्मकता उभर कर आती है कि देश-दुनिया चौंकती है। पहलगाम हमले और उसमें शामिल आतंकियों को सबक सिखाने के लिये किए ऑपरेशन सिंदूर के बाद एक ऐसा ही नगीना चमका जिसने पूरे देश का ध्यान खींचा। प्रतीकों को बेहतर ढंग से इस्तेमाल करके जनमानस को चौंकाने वाली मोदी सरकार ने इस बार भी ऐसा किया। उसने जहां पहलगाम में मारे गए पर्यटकों की विधवाओं के हक में हमले को ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया, वहीं मीडिया को जानकारी देने के लिये विदेश सचिव के साथ सेना की दो महिला अधिकारियों को जिम्मेदारी दी। ये योग्य व गुणी सैन्य अधिकारी थीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह। लेकिन ज्यादा ध्यान खींचा सोफिया ने जिसकी कई पीढ़ियां सेना में देश की सेवा कर राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान देती रही हैं। चौंकाया इस लिए भी क्योंकि मुस्लिम पृष्ठभूमि से कम ही महिलाएं सेना में आती हैं। सोफिया ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ हिंदी में हमले का ब्योरा देकर भी लोगों का ध्यान खींचा।दरअसल, सिग्नल कोर की कर्नल सोफिया कुरैशी की पारिवारिक पृष्ठभूमि ने भी उसे सेना में जाने के लिये प्रेरित किया। वे संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में भी काम कर चुकी हैं। सोफिया बताती हैं कि एक फौजी के परिवार में जन्म लेने के कारण सेना को लेकर उसके मन में हमेशा एक खास सम्मोहन था। वह पिता के सेना में होने के कारण सैन्य परिवेश से वाकिफ रही हैं। वह बताती हैं, 'मेरी मां की भी दिली इच्छा थी कि मैं और मेरी जुड़वा बहन सेना में शामिल हों। मेरा संकल्प था सेना में जाने का, मैंने आवेदन किया और मैं सेना के लिए चुन ली गई।'

उल्लेखनीय है कि सोफिया कुरैशी गुजरात की रहने वाली हैं। उनका जन्म वर्ष 1981 में वडोदरा में हुआ। सोफिया के जन्म के कुछ मिनट बाद ही उनकी छोटी बहन सानिया का जन्म हुआ। सानिया वर्ष 2017 में मिस इंडिया अर्थ रह चुकी हैं। सोफिया ने बायोकेमिस्ट्री में अपना पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा किया। फिर वर्ष 1999 में ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से प्रशिक्षण हासिल किया। जिसके बाद लेफ्टिनेंट के रूप में उन्हें सेना में कमीशन मिला। उस समय उनकी उम्र सत्रह साल थी%। सोफिया कहती हैं कि मेरे दादा भी सेना में थे। वे कहा करते थे कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह मुश्किल वक्त में देशहित में उठ खड़े हों और राष्ट्र रक्षा को तत्पर रहे। सोफिया के पिता कुछ समय तक सेना में धार्मिक शिक्षक रहे हैं। वे अपनी बेटी की उपलब्धियों पर फूले नहीं समाते हैं। देश के लिये उनके योगदान पर वे गर्व करते हैं। कर्नल सोफिया की मां हलीमा कुरैशी ने घटनाक्रम के बाद कहा कि बेटी ने बहनों और माताओं के सिंदूर का बदला ले लिया है। सोफिया बचपन से सेना में जिम्मेदारी निभाना चाहती थी। वहीं सोफिया के पति भी मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री में सैन्य अधिकारी हैं। सोफिया कहती हैं कि पारिवारिक विरासत व सम्मानजक पेशे के साथ राष्ट्रीय उत्तरदायित्व और बढ़ जाते हैं। सोफिया याद करती हैं कि वह जब सैन्य अकादमी के लिये चुनी गई तो देश विषम चुनौतियों का सामना कर रहा था। यह कारगिल युद्ध का समय था।

उल्लेखनीय है कि सोफिया ने वर्ष 2016 में बहुराष्ट्रीय क्षेत्र प्रशिक्षण अभ्यास में भारतीय सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व भी किया था। प्रशिक्षण अभ्यास पूणे शहर में हुआ था। बताते हैं कि यह भारत में आयोजित सबसे बड़ा ग्राउंड फोर्सेज अभ्यास था, जिसमें आसियान प्लस देश शामिल थे। तब चालीस सैनिकों की टुकड़ी का नेतृत्व कर्नल सोफिया ने किया था। उन्हें इतने बड़े बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारतीय सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व करने वाली पहली महिला सैन्य अधिकारी होने का गौरव मिला था। दरअसल, सोफिया के सैन्य कैरियर में कई जगमगाते सितारे जड़े हुए हैं। वर्ष 2001-2002 में ऑपरेशन पराक्रम के दौरान वह पंजाब सीमा पर तैनात थी। उसे उल्लेखनीय सेवा के लिये जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ से प्रशस्ति पत्र मिला। वर्ष 2006 में कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में सैन्य शिक्षक के तौर पर उन्होंने कार्य किया। वहां छह साल तक काम किया, जहां उनकी भूमिका शांति अभियान में ट्रेनिंग संबंधित योगदान प्रदान करने की थी। वहीं दूसरी ओर वह सिग्नल रेजिमेंट के आतंकविरोध मिशन में भी शामिल रही हैं। उन्हें सिग्नल रेजिमेंट में रहते हुए सैन्य संवाद में दक्ष माना जाता है। उन्होंने उत्तर-पूर्व भारत में आया विनाशकारी बाढ़ में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। यही वजह है कि पूर्वोत्तर में आपदा राहत के दौरान कम्युनिकेशन के जरिये असाधारण काम करने के कारण सिग्नल ऑफिसर-इन-चीफ से प्रशस्ति पत्र मिला था।

निस्संदेह, राष्ट्रसेवा व सैन्य दायित्वों में सोफिया के योगदान का विशिष्ट महत्व रहा है। यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में उनकी सेवाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। दरअसल, सेना में स्थायी कमीशन के लिये सुप्रीम कोर्ट में 11 महिला सैन्य अधिकारियों ने एक याचिका दायर की थी कि सेना में लैंगिक समानता को प्राथमिकता दी जाए। इस बाबत सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2020 में दिए गए अपने फैसले में सोफिया की उपलब्धियों का विशेष रूप से उल्लेख किया था। निस्संदेह, ऑपरेशन सिंदूर को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने एक सैन्य प्रतिभा से पूरे देश को अवगत करा दिया।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

> **संकल्प और भावना जीवन तराजू के दो पलड़े हैं।**
> **- वृन्दावन लाल**

## आज का इतिहास

- 1459 - राव जोधा सिंह ने जोधपुर की स्थापना की।1666 - पुरंदर की संधि के तहत शिवाजी औरंगजेब से मिलने आगरा पहुंचे।
- 1689 - इंग्लैंड और हॉलैंड ने लीग ऑफ़ आग्सबर्ग बनाया।
- 1915 - क्रांतिकारी रासबिहारी बोस ने जापानी नौका सानुकी मारू पर सवार होकर भारत छोड़ा ।
- 1999 - रूस के उप प्रधानमंत्री सर्गेई स्तेपनिश कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 1999 - अमेरिकी वित्तमंत्री रोबर्ट रूबिन ने दिया पद से इस्तीफ़ा।
- 2002 - मिस्र, सीरिया व सऊदी अरब ने पश्चिम एशिया मामले में शांति समझौते की इच्छा जताई।
- 2007 - पाकिस्तान के कराची शहर में हिंसा भड़की।
- 2008 - पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने जजों की बहाली के मुद्दे को लेकर साझा सरकार से हटने का निर्णय लिया।

## निशाना

### मारेंगे हम गोला !



-कृष्णेन्द्र राय

**चली वहां से गोली तो ।**
**मारेंगे हम गोला ।।**
**अब माया और ममता की ।**
**दिए उतार चोला ।।**
**फिर भी अब तक हमने ।**
**ताकत है दिखाई ।।**
**हर मोर्चे पर दुश्मन ने ।**
**है मुंह की ही खाई ।।**
**नहीं हैं डरने वाले ।**
**ना कोई विराम ।।**
**जान चुकी ये दुनिया ।**
**कर सकते तमाम ।।**
**लेकिन अब तक संयम से ही ।**
**लिया है हमने काम ।।**
**दूर दूर तक गूंज उठा ।**
**आखिर अपना नाम ।।**

कथा वाचक श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर बोले

# श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से समस्त पापों का नाश हो जाता है



गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो

गंज हनुमान मंदिर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस प्रसिद्ध कथा वाचक श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर बोले कि बासौदा संतों की भूमि है। पवित्र वेत्रवती नदी का तट है यहां कथा कहने का अवसर परमात्मा की कृपा से ही मिला है। कथा के प्रारंभ में संत गोविंददास जी महाराज, गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी, यज्ञाचार्य केशव शास्त्री, कथा के मुख्य यजमान जगदीश शर्मा, यजमान डॉक्टर पवन शर्मा, यजमान शिव कुमार आचार्य ने श्रीमद् भागवत जी का पूजन किया। तत्पश्चात श्रीमद् भागवत का वर्णन करते हुए प्रसिद्ध कथा व्यास श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर जी ने बताया श्रीमद् भागवत उसे कहते हैं जिसमें भगवान के परम भक्तों के चरित्र का वर्णन होता है और बताया कि भागवत अर्थात भगवान के निवास स्थान को ही श्रीमद् भागवत कहते हैं। व्यक्ति के जीवन को मंगल में बनाने वाले ग्रंथ का नाम ही श्रीमद् भागवत है। उन्होंने पहले मंगलाचरण के पश्चात महात्म्य का वर्णन करते हुए कहा कि कथा भक्ति, ज्ञान, वैराग्य का समन्वयात्मक विवेचन किया जाता है। सूतजी महाराज से शौनकादि ऋषियों ने 6 प्रकार के प्रश्न किए और उनका उत्तर ही सूत-शौनक संवाद व भक्ति एवं नारद के संवाद के नाम से प्रख्यात हुआ। प्रभु कृपा का अधिकारी व्यक्ति ही श्रीमद् भागवत सुन सकता है, अनाधिकार व्यक्ति के भाग्य में भागवत का सुख नहीं होता। देवराज इंद्र स्वर्ग से अमृत कलश लेकर भगवान श्री शुकदेव जी को प्रदान करने लगे और इसके बदले में अमृतमयी श्रीमद् भागवत की कथा सुनना चाहते थे परंतु श्री शुकदेव जी ने उन्हें मना कर दिया और बोले कि यह कांच के टुकड़े की तुलना दिव्य मणि के बराबर नहीं हो सकती। ऐसा बोलकर उन्होंने इंद्र को कथा सुनाने से मना कर दिया अर्थात उन्होंने अमृत कलश को कांच का टुकड़ा और श्रीमद् भागवत को साक्षात अमृत की उपाधि दी।

मुख्य सचिव ने कलेक्टर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम दिए दिशा निर्देश

# नागरिक सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों का नामांकन व भर्ती सुनिश्चित करें

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो



रविवार को मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन अनुराग जैन की अध्यक्षता में सभी जिलों के कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक तथा जिला होमगार्ड कमांडेंट कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिविल डिफेंस अधिनियम-1968 एवं सिविल डिफेंस रेग्यूलेशन-1968 अंतर्गत नागरिक सुरक्षा हेतु स्वयंसेवकों का नामांकन/भर्ती के संबंध में समीक्षा बैठक ली गई। जिससे नागरिक सुरक्षा के आपातकालीन एवं आपदा प्रबंधन के समय इनका उपयोग एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने बताया कि वर्तमान आकस्मिक परिस्थितियों को देखते हुए गृह विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा स्वयंसेवकों के नामांकन के निर्देश दिये गए है।

उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि कम से कम प्रत्येक ग्राम पंचायत से दो स्वयंसेवकों, प्रत्येक नगरीय निकाय के वार्डों से 2 से 5 स्वयंसेवकों की भर्ती सुनिश्चित करवाई जावे, जिससे जिलों के सभी क्षेत्रों में स्वयंसेवक उपलब्ध रह सकें।श्री जैन ने कहा कि स्वयंसेवकों की भर्ती के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो। स्वयंसेवकों की भर्ती के लिए प्रपत्र में जानकारी अद्यतन कर शान द्वारा निर्धारित किए गए पोर्टल पर अपलोड की जाए।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि स्वयंसेवकों की भर्ती में भूतपूर्व सैनिकों, सीनियर एनसीसी के सदस्य, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सदस्य, निजी सुरक्षा एजेंसियों के लोगों को भर्ती प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए। साथ ही प्रशिक्षण इत्यादि गतिविधियों के लिये भूतपूर्व पुलिस कर्मियों को भी प्राथमिकता दी जावे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्री जैन द्वारा निर्देशित किया कि भर्ती किये गये स्वयंसेवकों का छोटे समूहों में जिला स्तर पर, जिला डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्रारंभ करवाए।

इस दौरान महानिदेशक, होमगार्ड / सिविल डिफेंस द्वारा निर्देशित किया गया कि जिला होमगार्ड कमांडेंट स्वयंसेवकों की प्रशिक्षण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाए। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जिन जिलों में जिला होमगार्ड कमांडेंट की पदस्थापना नहीं है उन जिलों में शीघ्र ही कमांडेंट प्रभारी की पदस्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि चयनित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को परिचय पत्र प्रदाय किए जावें।साथ ही सिविल डिफेंस जैकेट, व्हिसल आदि भी प्रदान करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान समस्त जिलों के कलेक्टर्स को मुख्य सचिव श्री जैन द्वारा अवगत कराया गया कि प्रदेश में चिन्हित पांच जिलों के अतिरिक्त अन्य जिलों में भी मॉक ड्रिल करवाई जाना प्रस्तावित है। उक्त संबंध में अंतिम स्वीकृति उपरांत जिलों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी। तत्संबंध में संबंधित जिला कलेक्टर यह सुनिश्चित करेंगे की मॉक ड्रिल के दौरान आम जनता के बीच मॉक ड्रिल से जुड़ी समस्त आवश्यक जानकारी आसान भाषा में प्रचारित की जाए। साथ ही उन्हें यह भी कम्युनिकेट किया जाए की मॉक ड्रिल के दौरान आम जनता के क्या कर्तव्य हैं तथा उन्हें किस प्रकार से प्रतिक्रिया करना है।

उन्होंने ड्रोन संचालन से संबंधित शासन की एडवाइजरी को भी जिला कलेक्टर्स अक्षरशः पालन करवाया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशीलता के आधार पर रेड, येलो एवं ग्रीन भागो में जिले को विभक्त कर ड्रोन संचालन की समीक्षा की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी जिले डिस्ट्रिक्ट डिजास्टर मैनेजमेंट अभ्यास अप टू डेट रखें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी प्रशांत खरे तथा कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरु करन सिंह उपस्थित, जिला होमगार्ड कमांडेंट राजेश जैन उपस्थित थे।

नर्मदा मां के चित्रगुप्त घाट पर चला सफाई अभियान

# अभियान को तेजी से आगे बढ़ाएं इसमें सभी स्वेच्छा से शामिल हों : शिवपुरिया

**ये नदी नहीं नर्मदा मां हैं, इसे डस्टबिन की तरह न देखें**




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

सफाई अभियान को तेजी से आगे बढ़ाएं। स्वच्छता में सभी शामिल हों, जल ही जीवन है। हमारा सभी से निवेदन है कि पॉलीथीन, कचरा, पूजन सामग्री, फोटो घर में ही नष्ट करें इन्हें घाट पर लाकर ना छोड़े, इससे जल प्रदूषित होता है। जीव जंतु को और पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। यह मातृशक्ति का कारवां लगातार आगे बढ़ता जाएगा। हमें स्वच्छता रखना चाहिए। यह बात अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर स्वच्छता अभियान के तहत जुमेराती कन्या स्कूल की प्राचार्य श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया ने कही। उन्होंने कहा कि हम सभी को घाटों को साफ रखना चाहिए। घर में जो भी पूजन और दूसरी सामग्री हो मां नर्मदा के किनारे पर नहीं डालना चाहिए। नर्मदा पुरम की पहचान घाटों से है, इसलिए हमें घाटों का ख्याल रखना चाहिए। केमिकल का उपयोग नहीं करना चाहिए और सभी समाज को इस अभियान में शामिल होना चाहिए। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष?? अभय वर्मा, केशव देव वर्मा, सी बी खरे, राकेश कुमार श्रीवास्तव,लालता प्रसाद, श्रीमती मंजू श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योति वर्मा, श्रीमती प्रीति खरे, श्रीमती सुमन वर्मा सहित मातृशक्ति सहित अन्य मौजूद थे।

इस मौके पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृ शक्ति की जिला अध्यक्ष ज्योति अभय वर्मा ने कहा कि हमें घर की हर चीज नर्मदा घाटों पर नहीं डालना चाहिए। रविवार को उनके नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि हम मां नर्मदा को मां समझते हैं इन्हें डस्टबिन की तरह नहीं रखना चाहिए। जो भी गंदगी होती है, घर के सामान, पूजन सामग्री, फोटो होती है उसे हम नर्मदा में डाल देते हैं। पॉलिथीन ,गंदगी, केमिकल का उपयोग करते हैं ऐसा नहीं करना चाहिए। नर्मदा जीवनदायनी है। इससे खेती होती है अन्न मिलता है और हम सब इसका उपयोग करते हैं। साफ-सफाई में सहयोग करें। नर्मदा एक मां है इसे स्वस्थ और साफ-सुथरा रखना चाहिए।

# रिछैड़ा में दीवार लेखन कर दिया जल संरक्षण का संदेश




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, जिला नर्मदापुरम द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जन-भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण को लेकर निरंतर जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रिछैड़ा (सेक्टर क्रमांक 4), विकासखंड पिपरिया में जिला समन्वयक पवन सहगल के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक श्री दयाशंकर उमरे के नेतृत्व में नवांकुर संस्था मंजू महिला शिक्षा एवं कल्याण समिति द्वारा दीवार लेखन का कार्य किया गया। दीवारों पर प्रेरक स्लोगनों के माध्यम से जल के महत्व को दर्शाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया तथा सभी को जल बचाने की शपथ दिलाई गई। उक्त आयोजन द्वारा ग्रामीणों में जल की महत्ता को लेकर चेतना जागृत की गई तथा उन्हें जल संचयन की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दी गई।

इस मौके पर नवांकुर प्रतिनिधि आशीष शर्मा, मेंटर देवेंद्र पटेल जी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष संजू पुरविया जी, पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण साहू जी, डॉ. अमरीश पालीवाल जी, गणेश सोनी, नंदकिशोर स्वामी जी, पुरुषोत्तम श्रीवास्तव महेंद्र सराठे ब्रह्मा ठाकुर, शिवराज पटेल इत्यादि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## समर्पण श्री ने जिला अस्पताल की अव्यवस्थाओं के विरोध में सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा




**नर्मदापुरम।** विगत दो दिन पूर्व सरकारी अस्पताल में दुर्घटना से मृत हुए युवक के शरीर को कुत्ते द्वारा नोचे जाने की घटना सामने आने के बाद जिला स्वास्थ्य चिकित्सा की बहुत बड़ी लापरवाही सामने आई है। इसके विरोध में रविवार को श्री समर्पण श्री संस्था दोपहर 2 बजे जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया और इस घटना में हुई लापरवाही के लिए जो लोग भी दोषी हैं उन पर कार्यवाही की मांग और तत्काल प्रभाव से उन्हें हटाया जाए। साथ ही उन पर पर FIR की मांग भी की गई। संस्था प्रमुख स्वदेश सैनी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में आने वाले मरीजों का प्रॉपर ट्रीटमेंट, साफ सफाई, व दुरुस्त व्यवस्था के लिए भी मांग करेगी। जिससे गरीब परिवार के लोगों के लिए बेहतर व्यवस्था इलाज सुनिश्चित हो। कार्यवाही नहीं होने की दशा में संगठन धरना प्रदर्शन पुतला दहन करेगा। जिला अस्पताल में ज्ञापन सौंपने के दौरान स्वदेश सैनी, रहमान खान, राज खिल्लारे, शुभम मालवीय, वीरू पटवा, विष्णु ठाकुर,आकाश कहार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खिलाड़ियों और प्रशिक्षण संस्था की मांग पर नर्मदापुरम में बनेगा स्वीमिंग पूल : नारोंलिया

**नर्मदापुरम।** नर्मदा युवा संस्था नर्मदापुरम एवं जिला ट्रायथलान संघ नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 अप्रैल से शुरू हुए निशुल्क तैराकी और ट्रायथलान खेल के शिविर मे राज्यसभा सांसद माया नारोंलिया एवं पूर्व नपाध्यक्ष डॉ.अखिलेश खण्डेलवाल स्थानीय सेठानी घाट पर प्रातः पहुंच कर प्रशिक्षित बच्चों और उनके पालकों से मुलाकात की। इस दौरान संस्था सचिव एवं शिविर संचालक उमाशंकर व्यास ने दोनों अतिथियों का स्वागत कर अवगत कराया कि उक्त नि:शुल्क तैराकी शिविर विगत 30 वर्षों से संचालित किया जा रहा जा रहा है। शिविर के अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर नगर प्रदेश तथा देश को गौरव की अनुभूति कराई है। जिसमें प्रमुख रूप से एशियाई खेल में पदक विजेता हर्षिता मीना सहित विश्वजीत कुशवाह,यश बाथरे,मोहन मंसूरिया दीपक सोनी राहुल हरने,कविता वर्मा,मनोज कटैया,फिल्म अभिनेता मानव कौल प्रमुख हैं। साथ ही अनेक खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में निरन्तर सम्मलित हो रहे यदि सार्वजनिक स्वीमिंग पूल मिल जाये तो और भी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी संस्था तैयार कर सकती हैं। वर्तमान में शिविर में 150 खिलाड़ियों का पंजीकरण किया गया है जो प्रतिदिन सुबह 6-8 बजे से उपस्थित होकर तैराकी की बारीकियों को सीख रहे हैं। इस अवसर पर सांसद नारोलिया ने उपस्थित खिलाड़ियों,पालकों एवं संस्था पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही जिला प्रशासन एवं सरकार से स्वीमिंग पूल की दबी हुई फ़ाइल को निकलवा कर नगर में जल्द से जल्द स्वीमिंग पूल निर्माण में आ रही बाधाओं को हटवा कर वर्षों से लंबित इस मांग पूर्ण करूँगी।

## बच्चे सीख रहे संगीत और योग



**गंजबासौदा।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य एमसी शर्मा के निर्देशानुसार समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चे योगा कबड्डी चित्रकला बैडमिंटन संगीत नृत्य एवं गायन का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है प्राचार्य एमसी शर्मा ने बताया कि समय समय पर विभिन्न विधाओं के लिए प्रशिक्षको आमंत्रित किया जा रहा है विद्यालय द्वारा प्रशिक्षणार्थियों के लिए स्वच्छ और ठंडे जल के लिए वाटर कूलर भी लगाया गया है इस शिविर में उत्कृष्ट विद्यालय के अतिरिक्त अन्य बच्चे भी प्रशिक्षण ले रहे हैं प्राचार्य ने बताया कि शिविर के समापन पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन छात्र छात्राओं को शील्ड भी प्रदान की जाएगी।

## नागरिक सुरक्षा को लेकर पटवारी और कोटवारों को निर्देश- संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना दें



**गंजबासौदा।** पुलिस द्वारा आंतरिक सुरक्षा को लेकर नागरिक सुरक्षा के संबंध में पटवारी एवं कोटवारों की बैठक ली गई। रविवार को पटवारी सभागृह में एसडीओपी मनोज मिश्रा एवं तहसीलदार संदीप जायसवाल के द्वारा सभी ग्रामों के कोटवारों पटवारी एवं नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यों को आपातकालीन स्थिति में क्या करना है किसी व्यक्ति द्वारा फालतू अफवाह फैलाई जाती है तो तत्काल थाने पर सूचना देवे एवं किसी भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल न रहे। सभी कोटवारों को बताया गया कि आपके गांव क्षेत्र में अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो तत्काल थाने पर सूचना दी जाए एवं सभी लोगों को नागरिक सुरक्षा सदस्य फार्म के बारे में बताया एवं आपके गांव क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध गतिविधियां होती है तो तत्काल सूचित करे इस मौके पर नायब तहसीदार सविता पटेल, थाना प्रभारी देहात आशुतोष सिंह राजपूत एवं थाना बासौदा शहर उप निरीक्षक राधेश्याम यादव उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** राष्ट्रहित में युवाओं का योगदान विषय पर संगोष्ठी आयोजित

# आज जिले के हजारों घरों में संपन्न होंगे गायत्री यज्ञ

गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो



अखिल विश्व गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ विदिशा द्वारा राजीव नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को राष्ट्रहित मे युवाओं का योगदान विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

जिला संयोजक सौरभ गुप्ता, जिला सह संयोजक मुकेश आजाद ने युवाओं को अपनी युवा शक्ति का अहसास कराते हुए राष्ट्र हित ने युवाओं द्वारा तन मन धन से सहयोग करने का आह्वान किया गया। युवा देश का भविष्य होते हैं इसलिए युवाओं के कंधों पर भविष्य की जिम्मेंदारी होती हैं। नशे से दूर रहकर अपने कर्तव्य निभाना चाहिए।

सिर्फ सीमाओं पर जाकर लड़ना ही देशहित नहीं होता हैं। बल्कि देश में रहकर अपने कर्तव्य निभाना भी देश का हित ही होता हैं। गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन की जानकारी देकर सहभागी बनने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर जिला सह संयोजक गण रमाकांत उपाध्याय, रश्मि द्विवेदी, श्याम दुबे, हिमांशु विश्वकर्मा, गौरव विरुरकर, अभय, सूर्यांश द्विवेदी सहित एनसीसी, एनएसएस के युवा मौजूद थे।


### पूरे विश्व में आज घर-घर हों यज्ञ

गायत्री परिवार जिला समन्वयक मुकेश तिवारी ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा संपूर्ण विश्व में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर घर घर यज्ञ किया जाएगा। जिले में भी शहर सहित ग्रामीण अंचलों में हजारों घरों में यज्ञ किया जाएगा। जिला संयोजक ने सभी लोगों से इसमें सहभागी होकर स्वयं और परिवार को सुरक्षित रखने की अपील की हैं।

### युवाओं से चर्चा कर किया विचार विमर्श

युवाओं से चर्चा कर पहले चलाई गई गतिविधियां की समीक्षा कर आगे होने वाली योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। युद्ध के समय हम क्या कर सकते हैं इस पर भी चिंतन किया गया। अफवाहों से बचते हुए आसपास नजर रखें। सोशल मीडिया पर अनावश्यक पोस्ट और कॉमेंट से बचें।

## सामाजिक समरसता : राष्ट्रीय एकता मंच करेगा होनहार प्रतिभाओं का सम्मान



**नर्मदापुरम।** स्थानीय नेहरू पार्क में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच के सदस्यों ने बैठक आयोजित कर निर्णय लिया कि कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में 90त्न अथवा इसके ऊपर प्राप्त अंकों के आधार पर प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा संरक्षक कृपाल सिंह राजपूत एवं अध्यक्ष अरुण दीक्षित ने संयुक्त व्यक्त में बताया कि उन प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जाएगा जिन्होंने पब्लिक सर्विस कमीशन में स्थान प्राप्त कर नगर को गौरवान्वित किया इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेकर नगर का गौरव बढ़ाया उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा. संस्था के सदस्य के एन त्रिपाठी को अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में ताइवान जाने पर सभी सदस्यों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी इसके साथ ही संस्था के वरिष्ठ सदस्य ललित यादव को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की.बैठक में अशोक दी बोलिया मोहम्मद अकरम खान डॉ आदिल फ़ाज़ली जयशंकर तिवारी डॉ प्रदीप जैन अनूप दुबे के एन त्रिपाठी डॉ मयंक तोमर ललित यादव अशोक परसाई श्रीमती किरण शर्मा जय बाला निगम के साथ अन्य सदस्य उपस्थित हुए अरुण दीक्षित ने नगर की सभी शिक्षण संस्थानों से निवेदन किया है कि प्रतिमाओं की लिस्ट बना ली जाए ताकि हमारे प्रतिनिधि आकर उसे कलेक्ट कर सके।

कलेक्टर के निर्देशों का पालन

# एसडीईआरएफ ने आपदा मित्रों को दिया नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण




सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा देश की बाह्य एवं आंतरिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में रविन्द्र भवन ऑडिटोरियम परिसर में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में एसडीईआरएफ (स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पॉन्स फोर्स) टीम द्वारा 82 आपदा मित्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में आमजनो की सहायता करने के लिए आवश्यक तकनीकी व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

जिला सेनानी मयंक कुमार जैन एवं पीसी सरिता इक्का, एएसआई लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा और एसडीईआरएफ टीम ने आपदा मित्रों को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, हवाई हमले के बाद बचाव एवं राहत कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण का उद्देश्य कैडेट्स को विपरीत परिस्थितियों में जागरूक एवं सक्षम बनाना रहा, ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर समाज सेवा में योगदान दे सकें।

कमान अधिकारी भूतपूर्व हवलदार आर्मी राजाराम राजपूत एवं आपदा मित्र भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आपदा मित्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में हवाई हमलों के दौरान की जाने वाली कार्यवाही, आमजन की सहायता करने के संबंध में जानकारी दी गई ताकि वे देश सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।

कार्यक्रम में भूतपूर्व आर्मी सूबेदार देवराज सिंह डीएसडब्ल्यू, भूतपूर्व हवलदार गुलाब सिंह, भूतपूर्व एसीपी सुरजीत सिंह, भूतपूर्व नायक अम्बर सिंह, हिंदप्रहरी सौरभ सिंह राजपूत, इशू सक्सेना, राजकुमार गौड भी मौजूद रहे।

### अवकाश पर प्रतिबंध

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वर्तमान की अप्रत्याशित परिस्थितियों को ध्यानगत रखते हुए और सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशो के अनुपालन में जिले में पदस्थ सभी विभागो के जिलाधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाशो पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया है।

परिवार शादी समारोह में शामिल होने गार्डन में था

# सूने घर में चोरों ने बोला धावा 10 लाख का सामान उड़ाया

### सीसीटीवी कैमरे की सहायता से चोरों की तलाश में जुटी पुलिस



सिरोंज, दोपहर मेट्रो

शनिवार रविवार की रात्रि में आरोन रोड पर रहने वाले रघुवीर मालवीय लड़की की शादी के कार्यक्रम में गार्डन में थे दूसरी ओर चोरों सूने मकान को निशाना बनाते हुए तीन लाख पच्चास हजार नागदी एवं 6 लाख 50 हजार के सोने के ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिया इतनी बड़ी चोरी की वारदात होने की जानकारी लगते ही एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी, थाना प्रभारी पंकज गीते पुलिस बाल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे मौका मुआयना किया इसके बाद अधिकारियों ने चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए। एसएफ एल के अलावा डॉग स्कायड के साथ फिंगरप्रिंट फ्रंट एकत्रित करने की टीम को भी बुलाया गया जिसके द्वारा सभी स्थानों फिंगरप्रिंट कलेक्ट किए बिखरा हुए सामान के फिंगरप्रिंट भी लिए। चोरी की घटना आरोन रोड पर रहने वाले रघुवीर मालवीया घर की यही है अपने लड़की के शादी के आयोजन में गार्डन चल रहे कार्यक्रममें मौजूद। वहीं चोरों ने शायद इसी बात का फायदा उठाते हुए मेन गेट का ताले को थोड़ा फिर अंदर गए अन्य कमरों के ताले भी तोड़े अलमारी लॉक तोड़कर उसमें रखे हुए नगद रूपए तीन लाख 50 हजार रुपए थे। इसके साथ ही जिस बच्ची शादी हो रही थी उसकी रकम के साथ जिस लड़की की शादी हो गई है उसके सोने के आभूषण रखे हुए थे। इनकी कीमत 6 लाख 50 हजार से अधिक बताई जा रही है उनको लेकर चोर रफू चक्कर हो गए। शादी के समय में इतनी बड़ी चोरी की की घटना सामने आने के बाद पिता और परिवार की हालत खराब हो रही है। दूसरी और पुलिस के लिए भी बड़ी चुनौती चोरों ने पेश की है। पुलिस द्वारा मामले की सभी ऐगलों से छानबीन की जा रही है।इसके अलावा पुलिस घटना को लेकर कुछ सस्पेक्ट से भी पूछताछ कर रही है। वहीं चोरों का पता लगाने के लिए आसपास के दुकानदारों और दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरों फुटेज भी जुटा कर पहचान करने में पुलिस की कई टीम दिन भर लगी रही कुछ पुराने हिस्ट्री सीटर से भी पुलिस पूछताछ करती रही पर इनसे पुलिस को कुछ नहीं मिल साथ चोरों के बारे में पता करने के लिए अलग-अलग थानों में सूचना देकर जानकारी एकत्रित की जा रही है। एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने भी मौके पर पहुंच कर घटनाक्रम की बारीकी से जानकारी जुटाने में लग रहे। वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर चोरों को पकड़ने के लिए थाना प्रभारी पंकज गीते के निर्देशन में टीम का गठन भी किया। कुछ सस्पेक्टेड को बुलाया जिन्हें पहले भी कई चोरी की घटनाएं में लिप्त है उनसे दिन भर पुलिस पूछताछ करती रही पर इनसे पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा पाया।जिस घर में शादी थी उनको चोरी होने की जानकारी लगे तो इनके पैरों तले से जमीन खिसक गई ऐसा लगा। इधर पुलिस सभी एंगल से अपनी जांच करनी रात्रि में भाई के घर में पिताजी सो रहे थे। उनको किसी की आवाज नहीं सुनाई दी इस हिसाब से चोरों ने बहुत आराम से इस घटना को अंजाम देकर गायब हो गए जब घर वालों को चोरी होने की सूचना लगी तो उनके होश उड़ गए क्योंकि मेन गेट के दरवाजे का टूटा हुआ था। घर के मालिक रघुवीर मालवीय को जानकारी लगी इसके बाद इन्होंने घर के अंदर देखा तो सामान टूटा तथा बिखरा हुआ था अलमारी के ताले भी टूटे हुए इसके पैसे और आभूषण भी गायब थे।

**इनका कहना है**

"चोरी की घटना सामने आई है अज्ञात चोरों पर चोरी का मामला दर्ज करके सभी पहलुओं से जांच कर रहे हैं जल्दी ही चोरों को पकड़ लेंगे।"

पंकज गीते,
थाना प्रभारी सिरोंज

# कल कलेक्टर की उपस्थिति में होगी जनसुनवाई

सिरोंज, दोपहर मेट्रो



इस मंगलवार को होने वाली जन सुनवाई में कलेक्टर अंशुल गुप्ता जिले के अधिकारियों के साथ मौजूद रहेंगे। उनकी इच्छा है कि आम जनता की समस्याओं का समाधान विकास खंड स्तर पर हो सके जिले में आना ना पढ़ेगा इसके अलावा कलेक्टर के द्वारा श्री गुप्ता नवाचार भी कर रहे है मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई नवीन आजीविका मिशन कार्यालय,जो वन विभाग कार्यालय के सामने, शनि मंदिर के पीछे है उसमें में आयोजित की जाएगी। एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि मंगलवार की जनसुनवाई में कलेक्टर जिले के आला अधिकारियों के साथ खुद मौजूद रहेंगे उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में विकासखंड के लोगों को समस्या से संबंधित अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई में समय 11 बजे से उपस्थित होकर अपना आवेदन समाधान के लिए कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

**कलेक्टर व जिलाधिकारी सिरोज में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में शामिल होंगे -** विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता और विभिन्न विभागो के जिलाधिकारी मंगलवार 13 मई को सिरोंज में आयोजित होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम में आवेदको की समस्याओं का समाधान करेंगे। गौरतलब हो कि कलेक्टर श्री गुप्ता के द्वारा हरेक विकासखण्ड मुख्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन के तहत किए गए नवाचारो अंतर्गत जिलाधिकारी मौजूद रहेंगे।

सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि मंगलवार 13 मई को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम सिरोज नवीन आजीविका भवन फारेस्ट आफिस के सामने शनि मंदिर पीछे आयोजित की गई है। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तय समय 11 बजे से शुरू होगी। उन्होंने खण्ड स्तरीय अधिकारियों को आधा घंटा पूर्व जनसुनवाई स्थल पर उपस्थित होने के दिशा निर्देश प्रसारित किए गए है।

सम्पर्क नम्बर 7400507766 पर जानकारी से अवगत करा सकते है

# अप्रत्याशित परिस्थितियों को देखते हुए जिला मुख्यालय पर कंट्रोल रूम गठित

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने वर्तमान अप्रत्याशित परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए घटित होने वाली संभावित दुर्घटनाओं के दौरान त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित कराने तथा आपसी समनवय स्थापित करने के उद्धेश्य से जिला मुख्यालय पर पृथक से एक कंट्रोल रूम गठित किया गया है। कलेक्ट्रेट के प्रथम तल कक्ष क्रमांक 225 में संचालित जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 7400507766 है तथा ईमेल आईडी controlroomvid@gmail.com पर भी सूचनाएं दे सकते है।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कंट्रोल रूम का प्रभारी जिला सैनानी होमगार्ड श्री मयंक जैन 7566319911 को नियुक्त किया है सहायक प्रभारी अधिकारी जिला सलाहकार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहायक अधिकारी श्री अजीत बाथम 9907951980 को दायित्व सौंपा गया है। कंट्रोल रूम चैबीस घंटे सातो दिन संचालित हो इसके लिए पृथक-पृथक अधिकारियों को तय अवधि के लिए तैनात किया गया है।

एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में पुलिस विभाग के भी अधिकारी, कर्मचारी तैनात रहेंगे जो त्वरित सूचनाएं प्राप्ति उपरांत वरिष्ठ अधिकारियों को सम्प्रेषित करने का कार्य संपादित करेंगे। नियंत्रण कक्ष में जिले के समस्त प्रशासनिक, राजस्व, पुलिस, कार्यालय प्रमुखो के तथा चिकित्सा, नगरीय प्रशासन, होमगार्ड, फायर बिग्रेड में विभिन्न दायित्वों के निर्वहन हेतु गठित दलो के दूरभाष नम्बरो का संधारण किया गया है ताकि प्रत्येक कॉल पर कार्यवाही की जानकारी हेतु सीधे सूचनाएं सम्प्रेषित की जा सकें।

### औद्योगिक क्षेत्र कंजना में भू-खण्डों के आवंटन हेतु आनलाइन आवेदन 15 तक आमंत्रित

**विदिशा।** जिले की गंजबासौदा तहसील क्षेत्र का औद्योगिक क्षेत्र कंजना में रिक्त भूखंडों के आवंटन हेतु आनलाइन आवेदन 15 मई तक निर्धारित पोर्टल पर सांय 5 बजे तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, विदिशा के महाप्रबंधक द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी तदनुसार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा विदिशा जिले में स्थित विभागीय औद्योगिक क्षेत्र कंजना, में रिक्त औद्योगिक भू-खण्डों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रण की प्रक्रिया एक मई से खुली है जिसकी अंतिम तारीख 15 मई की सांय 5 बजे तक का समय नियत किया गया है।

## मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से सिविल डिफेंस के दिशा निर्देश दिए




विदिशा, दोपहर मेट्रो

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने आज विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश में सिविल डिफेंस कार्यक्रम एवं शासन के अन्य निदेशों का पालन सुनिश्चित कराने और नवीन निर्देश पर मार्गदर्शन दिया गया है।

विदिशा एनआईसी व्हीसी कक्ष में कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी,अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### विधायक स्वेच्छानुदान के तहत 74 हितग्राहियों को 7 लाख 30 राशि जारी

**विदिशा।** विधायक स्वेच्छानुदान निधि के तहत जिले की दो विधानसभा के विधायकों की अनुशंसा पर 255 हितग्राहियों को कुल राशि 25लाख 32 हजार 600 रुपए के स्वीकृति आदेश जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के जिला योजना अधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं।गई है। विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन जी की अनुशंसा पर 74 हितग्राहियों को विधायक निधि की राशि में से 7 लाख 30 हजार 100 रुपए स्वीकृति आदेश जारी किए हैं। कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे की अनुशंसा पर 181 हितग्राहियों को कुल 18 लाख 2 हजार 500 रु की आर्थिक सहायता स्वीकृति के आदेश जारी किए हैं।

## कलेक्टर एवं एसपी ने कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण

सिरोंज, दोपहर मेट्रो



कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता और पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने आज संयुक्त रुप से जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया यहां की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कंट्रोल रूम प्रभारी एवं अधीनस्थों को निर्देशित किया है कि जो भी सूचनाएं प्राप्त होती हैं उनकी जानकारी पंजी में दर्ज करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अविलंब सूचित करें इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने सुरक्षा दृष्टिकोण से प्राप्त होने वाली सूचनाओं की प्राप्ति के लिए पृथक से पुलिस विभाग के कर्मचारी की तैनाती की गई है ।उनके पास त्वरित सूचना संप्रेषण का उपकरण मुहैया कराया गया है। कट्रोल प्रभारी कर्मचारियों को प्राप्त होने वाली सूचनाओं के संप्रेषण संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, कंट्रोल रूम प्रभारी व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शशि मिश्रा अन्य अधिकारी मौजूद रहे है।

**मेट्रो एंकर** टाइगर रिजर्व में खुशी का माहौल संख्या पहुंची 23 : प्रबंधन ने आसपास बढ़ाई निगरानी सुरक्षा, 15 से 20 दिन के है शावक

# टाइगर रिजर्व में बढ़ा कुनबा, दूसरी बार बाघिन एन -112 ने चार शावकों को दिया जन्म

विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

जिले की सीमा में फैले प्रदेश के सबसे बड़े टाइगर रिजर्व वीरांगना रानी दुर्गावती (नौरादेही) टाइगर रिजर्व से बड़ी खुशखबरी मिल रही है. यहां एक बाघिन ने चार शावकों को जन्म दिया है. टाइगर रिजर्व प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, शावक 15 से 20 दिन के प्रतीत हो रहे हैं और चारों स्वस्थ नजर आ रहे हैं. शावकों की सुरक्षा के लिहाज से निगरानी बढ़ा दी गयी है. इन चार नए शावकों के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या 23 पहुंच गयी है खास बात ये है कि मदर ऑफ नौरादेही कही जाने वाली बाघिन राधा अब नानी बन गई है बाघिन राधा की पहली संतान बाघिन ह-112 ने दूसरी बार 4 शावकों को जन्म दिया है

### बाघिन एन-112 ने दूसरी बार चार बच्चों को दिया जन्म

नौरादेही टाइगर रिजर्व से कई दिनों बाद बड़ी खुशखबरी मिली है. जहां मदर ऑफ नौरादेही कही जाने वाली बाघिन राधा की पहली संतान बाघिन एन-112 ने चार शावकों को जन्म दिया है. जिनका फोटोग्राफ नौरादेही टाइगर रिजर्व की सर्च टीम ने खींचा है. चारों शावक फिलहाल 15-20 दिन के नजर आ रहे हैं और



स्वस्थ बताए जा रहे हैं नौरादेही टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सुरक्षा के लिहाज से आसपास निगरानी बढ़ा दी है फिलहाल जहां बाघिन एन -112 अपने शावकों के साथ नजर आ रही है, वहां गश्ती के साथ-साथ सुरक्षा बढ़ा दी गयी है जो लगातार निगरानी कर रही है. ये दूसरा मौका है, जब एन -112 ने एक साथ चार शावकों को जन्म दिया है. जिनमें से तीन बाघिन और एक बाघ है जहां तक बाघिन ह -112 की बात करें, तो बाघिन राधा ने पहली बार नौरादेही में 2019 में तीन शावकों को जन्म दिया था. जिनमें दो मादा और एक नर था

### टाइगर रिजर्व में 23 हुई बाघों की संख्या

इसके पहले बाघिन एन -112 ने चार शावकों को जन्म दिया था, जो करीब 22 महीने तक एन -112 के साथ ही रहे. जैसे ही पहली बार जन्मे बच्चे अलग हुए, तो बाघिन एन -112 ने एक बार फिर चार शावकों को जन्म दिया है. बाघों की कुल संख्या के बारे में डिप्टी डायरेक्टर अंसारी का कहना है कि शावकों को हम गणना में शामिल नहीं करते हैं. लेकिन अगर देखा जाए, तो अब बाघों की संख्या नौरादेही में 23 हो गई है वहीं अगर टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या की बात की जाएं तो टाइगर रिजर्व 25 से अधिक बाघों की संख्या होने का अनुमान है क्योंकि टाइगर रिजर्व बाहर से लाए गए बाघ बाघिन भी मौजूद है वहीं अन्य टाइगर रिजर्व से आए बाघों का डेरा भी टाइगर रिजर्व में होने की उम्मीद है

### क्या कहना है प्रबंधन का

नौरादेही टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ ए ए अंसारी का कहना है कि, कुछ दिन पहले हमारे गश्ती दल को कुछ शावक नजर आए थे. पहले तो हम लोगों को विश्वास नहीं हुआ, लेकिन गश्ती दल से अच्छे से जानकारी लेने पर हमने एक रेंजर के नेतृत्व में एक सर्च की टीम को गठित किया. हमारी सर्च टीम हाथियों के साथ रवाना हुई और तलाशी अभियान में बाघिन एन-112 अपने चार शावकों के साथ नजर आई. हमारी सर्च टीम ने ही बाघिन एन -112 का अपने शावकों के साथ फोटोग्राफ लिया है. ये शावक 15-20 दिन के नजर आ रहे हैं जिनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टीम निगरानी में लगी हुई है



त्रिकोणीय सीरीजः भारत की जीत के बावजूद खुश नहीं हैं कप्तान हरमनप्रीत कौर, कहा-

# हम कभी भी सुधार करना बंद नहीं कर सकते, कोच कर रहे अपना पूरा काम

**कोलंबो, एजेंसी**

**भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने श्रीलंका पर जीत के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों की चोट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सहयोगी स्टाफ वनडे विश्व कप से पहले इस समस्या का समाधान करने की कोशिश कर रहा है। रविवार को भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला जीता था।**

**मुझे टीम पर गर्व है -** फाइनल मुकाबले के बाद भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा- मुझे पूरी टीम पर गर्व है, विशेषकर बल्लेबाजों पर। हम अच्छा क्रिकेट खेलना चाहते थे। हम टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे और हमने जिस तरह का खेल दिखाया उससे हम काफी खुश हैं। कोलंबो में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में सात विकेट खोकर 342 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.2 ओवर में सिर्फ 245 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।

**इस समस्या पर करना होगा काम-** हरमनप्रीत कौर ने तेज गेंदबाजों की चोट पर कहा- हम कभी भी सुधार करना बंद नहीं कर सकते। बहुत सारे विभाग हैं जहां हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या फील्डिंग। हमारी तेज गेंदबाज चोटिल होती रहती हैं। यह ऐसी चीज है जिसका हमें ध्यान रखना होगा। कोच इस पर काम कर रहे हैं।

### कौर ने की स्मृति मंधाना और स्नेह राणा की तारीफ

इस मैच में उपकप्तान स्मृति मंधाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाली तीसरी महिला बल्लेबाज बन गईं। इस मामले में उन्होंने इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट को पीछे छोड़ा। उन्होंने 101 गेंदों का सामना किया और 116 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 15 चौके और दो छक्के निकले। मंधाना की इस पारी को सराहते हुए हरमनप्रीत कौर ने कहा- स्मृति और मेरे अलावा अन्य बल्लेबाजों ने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह बहुत सकारात्मक था। स्नेह राणा ने जिस तरह से गेंदबाजी की वह भी बहुत सकारात्मक था। बात करने के लिए बहुत सारी सकारात्मक बातें हैं लेकिन अभी मैं इस पल का आनंद लेना चाहती हूं। भारत की तरफ से स्नेह राणा ने चार और अमनजोत कौर ने तीन विकेट चटकाए। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी जो फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। स्नेह को 15 विकेट लेने के लिए सीरीज की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि मंधाना को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

इंग्लैंड दौरा : कोहली ने भी रिटायरमेंट लेने की जता दी है इच्छा

# रोहित-विराट के रिप्लेसमेंट ढूंढने होंगे, 9 खिलाड़ी दौड़ में, पंत को मिलेगा बड़ा जिम्मा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। शनिवार को खबरें आई कि विराट कोहली ने भी बीसीसीआई से टेस्ट रिटायरमेंट की इच्छा जता दी। हालांकि, बोर्ड उन्हें मनाने में जुटा है। अगर विराट भी रिटायर हो गए तो टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचेगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा? शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान और ऋषभ पंत उप कप्तान बनाए जा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को देखते हुए उन्हें लीडरशिप रोल देना मुश्किल है। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि बुमराह अगर कप्तान नहीं बने तो उन्हें उपकप्तान बनाने का कोई मतलब नहीं।

**कौन ले सकता है रोहित की जगह?-** रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बॉल में ओपनिंग कर रहे हैं। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी। शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं। साई सुदर्शनः 23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफॉर्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। देवदत्त पडिक्कलः 24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। अभिमन्यु ईश्वरनः ईश्वरन को अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। ऋतुराज गायकवाडः व्हाइट बॉल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बॉल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बॉल को देते हैं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं।



### कौन ले सकता है कोहली की जगह?

विराट कोहली ने बीसीसीआई को टेस्ट से संन्यास लेने की इच्छा जता दी। वे टीम में नंबर-4 पर बैटिंग करते हैं और स्क्वॉड के सबसे अनुभवी मेंबर हैं। उनके जाने से टीम में मिडिल ऑर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं। श्रेयस अय्यर- भारत से तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके श्रेयस टेस्ट में कोहली को रिप्लेस करने के नंबर-1 दावेदार हैं। वे वनडे टीम में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, लेकिन टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण फिलहाल बाहर हैं। वे 14 टेस्ट में 1 शतक और 5 फिफ्टी लगा चुके हैं। श्रेयस के नाम 15 फर्स्ट क्लास शतक भी हैं। रजत पाटीदार- इंग्लैंड के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में पाटीदार ने ही कोहली को रिप्लेस किया था। घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन को देखते हुए वे इंग्लैंड सीरीज के लिए एक बार फिर स्क्वॉड में जगह बना सकते हैं। रजत के नाम 13 फर्स्ट क्लास सेंचुरी हैं। सरफराज खान- भारत के लिए पिछले साल ही टेस्ट डेब्यू करने वाले सरफराज 1 शतक और 3 फिफ्टी लगा चुके हैं। वे घरेलू पिचों के एक्सपर्ट माने जाते हैं, ऐसे में विदेशी कंडीशन में उनका कोहली को रिप्लेस कर पाना मुश्किल है।

### जडेजा ही इकलौते अनुभवी बचेंगे

रोहित और कोहली के बाद टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा ही इकलौते सीनियर प्लेयर बचेंगे, जिनका करियर 12 साल से ज्यादा है। माना जा रहा है कि जडेजा अगर 1-2 साल में इस फॉर्मेट से रिटायर नहीं हुए तो उन्हें भी चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की तरह साइडलाइन कर दिया जाएगा। ईशांत शर्मा, उमेश यादव और ऋद्धिमान साहा भी कुछ प्लेयर रहें, जिन्हें रिटायरमेंट से पहले ही टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम इंडिया ने युवा प्लेयर्स पर इन्वेस्ट करना शुरू कर दिया है। ऐसे में नंबर-1 टेस्ट ऑलराउंडर पर भी गाज गिर सकती है।

### 20 जून से होगा इंग्लैंड दौरा

टीम इंडिया को 20 जून से इंग्लैंड में 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। रोहित के संन्यास के बाद टीम नए कप्तानी की मौजूदगी में खेलने उतरेगी। सीरीज के लिए भारत की टीम 23 मई तक रिलीज की जा सकती है। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की नई साइकल में भारत की यह पहली सीरीज रहेगी।

# आईपीएल 2025: शेष मैचों का शेड्यूल आज हो सकता है जारी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा होने के बाद आईपीएल 2025 के शेष मैचों का कार्यक्रम सोमवार को जारी किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि आईपीएल 2025 का शेष सत्र 16 या 17 मई से शुरू हो सकता है। दिलचस्प बात यह है कि इसका फाइनल मुकाबला कोलकाता के अलावा किसी अन्य शहर में कराया जा सकता है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल 2025 को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था।

**आईपीएल संचालन परिषद के साथ बीसीसीआई ने की चर्चा -** आईपीएल संचालन परिषद के सदस्यों और बीसीसीआई के अधिकारियों ने आईपीएल को दोबारा शुरू करने पर रविवार को चर्चा की। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड उपयुक्त कार्यक्रम पर काम कर रहा है। शुक्ला ने कहा, फिलहाल आईपीएल पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। बीसीसीआई अधिकारी समाधान पर काम कर रहे हैं। बीसीसीआई सचिव, आईपीएल चेयरमैन फ्रेंचाइजी के साथ चर्चा कर रहे हैं, इसलिए जल्द ही सभी को फैसले के बारे में पता चल जाएगा।

### खिलाड़ियों को वापस बुलाने कहा गया

आईपीएल सूत्रों ने कहा कि कहा कि लीग की शुरुआत लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मैच से होगी जिसे नौ मई को लखनऊ में खेला जाना था। सूत्रों ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, सभी टीमों को अपने खिलाड़ियों को वापस बुलाने के लिए कहा गया है। टूर्नामेंट 16 या 17 मई से दोबारा शुरू हो सकता है। अंतिम कार्यक्रम सोमवार को जारी किया जाएगा। इस बात की संभावना ज्यादा है कि मुकाबले चार स्थल पर कराए जाएंगे और दिल्ली और धर्मशाला मैचों की मेजबानी नहीं करेंगे।



# घरेलू मैदान पर मुलर के आखिरी मैच में जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने जश्न मनाया

**बिर्लन।** दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी थॉमस मुलर के घरेलू मैदान पर आखिरी मैच में बोरूसिया मोनचेंग्लादबाक पर 2-0 की जीत के साथ बायर्न म्यूनिख ने बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू लीग) खिताब का जश्न मनाया। बायर्न के कप्तान मैनुअल नेउर ने ट्रॉफी उठाने के बाद उसे जर्मनी के दिग्गज खिलाड़ी मुलर को थमा दिया। मुलर ने टॉफी की ऊपर उठाकर जश्न मनाया। बायर्न म्यूनिख के घरेलू मैदान पर जब इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन ने इस ट्रॉफी को पकड़ा तो एक बार फिर से भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। केन अपने करियर में कई बार खिताब के करीब पहुंच कर चूक गये हैं। यह शीर्ष स्तर पर उनके करियर की पहली ट्रॉफी है। बायर्न ने पिछले सप्ताह ही बुंडेसलीगा में रिकॉर्ड 34वां खिताब अपने नाम किया था। केन ने मैच के 31वें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलायी। वह 25 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। माइकल ओलिसे ने 90वें मिनट में मैच का दूसरा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना



# सुनील शेट्टी ने संघर्ष के दिनों को किया याद, बोले- मैं टेबल साफ करता-इडली और वड़ा बेचता था...

सुनील शेट्टी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म केसरी वीर को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच एक इंटरव्यू के दौरान सुनील शेट्टी ने अपने जीवन के उन पहलुओं के बारे में खुलासा किया, जब वह एक रेस्टोरेंट में काम किया करते थे। वहां सुनील लोगों को इडली-वड़ा सर्व किया करते थे। खबर के मुताबिक, सुनील शेट्टी ने 1992 में फिल्म 卐बलवान卐 से अपने करियर की शुरुआत की थी। यह फिल्म हिट रही, लेकिन कुछ आलोचकों ने उनकी एक्टिंग और लुक की आलोचना की। आलोचकों ने कहा कि सुनील का शरीर अकड़ा हुआ है, वे चल नहीं पाते और उन्हें अपने रेस्तरां में इडली-वड़ा बेचना चाहिए। सुनील ने बताया कि आलोचक ने इसे अपमान के रूप में कहा, लेकिन उनका रेस्तरां ही उनकी ताकत था। सुनील ने उस समय रेडियो नशा को बताया, 卐उस आलोचक को लगा कि वह मेरा मजाक उड़ा रहा है, लेकिन इडली-वड़ा मेरा बिजनेस था। इसने मुझे और मेरी बहनों को अच्छी शिक्षा दी। सुनील ने आगे कहा, मैं रेस्तरां में टेबल साफ करता, खाना परोसता था और घंटों किचन में काम किया करता था। इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं तब भी सुनील शेट्टी था और आज भी वही हूं। सुनील अब अपनी नई फिल्म केसरी वीर : लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ卐 में नजर आएंगे, जिसमें वे एक बहादुर योद्धा वेगड़ा जी की भूमिका निभाएंगे।

# 1 रुपया नहीं देना इन्हें, भड़के सनम तेरी कसम फिल्म के मेकर्स, लीड एक्ट्रेस ने भारत को कहा था कायर

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर युद्धविराम लग चुका है। इस बीच भारत में पाक आर्टिस्ट पर पूरी तरह से बैन भी लगा दिया गया। लगातार चले हमले पर सनम तेरी कसम फिल्म फेम पाक एक्ट्रेस मावरा होकेन ने भारत की निंदा करते हुए बयानबाजी की थी। उनके इस बयान ने फिल्म के लीड एक्टर हर्षवर्धन का गुस्सा तो भड़का ही दिया था। साथ ही अब फिल्म मेकर्स राधिका राव और विनय सप्रू भी सीमा पार आतंकवाद पर पाकिस्तानी एक्टर्स के विवादास्पद बयानों की निंदा करने की बढ़ती सूची में शामिल हो गए हैं। उनका कड़ा रुख फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडियन सिने एम्प्लॉइज के हाल ही में पाकिस्तानी एक्टर्स पर लगाए गए प्रतिबंध से भी मेल खाता है।

**मेकर्स ने किया पाक एक्टर्स से किनारा-** ये कदम सनम तेरी कसम के लीड एक्टर हर्षवर्धन राणे के सार्वजनिक रूप से खुद को किसी भी फ्यूचर में बनने वाले सीक्वल से दूर करने के तुरंत बाद उठाया गया है, अगर उनकी मूल को-एक्ट्रेस मावरा होकेन फिर से इसमें शामिल होती हैं। पाकिस्तानी अभिनेता मावरा को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हवाई हमलों की निंदा करने वाले एक ट्वीट के लिए



आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने इसे कायरतापूर्ण कहा था और पाक आवाम के आहत होने का आरोप लगाया। उनके इस कमेंट ने भारतीय सोशल मीडिया पर रोष पैदा कर दिया। बातचीत में राधिका और विनय ने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के कारण दशकों से निर्दोष भारतीयों की जान जा रही है। इससे भी ज्यादा निराशाजनक बात है- भारत में काम करने वाले और प्यार, सम्मान और अवसर पाने वाले पाकिस्तानी कलाकारों की चुप्पी या इससे भी बदतर, बयानबाजी है।

### सरकार के रुख को पूरा समर्थन

दोनों ने पाकिस्तानी आर्टिस्ट से दूर रहने के भारतीय सरकार के रुख का पूरा समर्थन किया और कहा कि हम अपनी सरकार के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं। एक भी रुपया नहीं दिया जाना चाहिए। एक राष्ट्र के रूप में हमारे समय का एक भी मिनट नहीं दिया जाना चाहिए। किसी भी भारतीय मंच को उनके साथ जुड़ना नहीं चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात-हमारा राष्ट्र और हमारे लोगों का कल्याण है। राष्ट्र सर्वप्रथम, हमेशा! मालूम हो कि हर्षवर्धन राणे ने एक इमोशनल इंस्टाग्राम पोस्ट में अपनी इस फीलिंग को शेयर किया था। जहां उन्होंने कहा, 卐हालांकि मैं इस अनुभव के लिए आभारी हूं, लेकिन जैसी स्थिति है, और मेरे देश के बारे में की गई सीधे कमेंट को पढ़ने के बाद, मैंने सम्मानपूर्वक ये फैसला लिया है कि अगर पिछली कास्ट के दोबारा होने की कोई संभावना है तो मैं सनम तेरी कसम 2 का हिस्सा बनने से इनकार कर दूंगा।



मेट्रो बाजार

# 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था के 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष (2025-26) में भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ सकता है और देश की अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक मुद्दों के अल्पकालिक प्रभाव से उबरने के लिए पर्याप्त मजबूत है। उन्होंने कहा कि देश को बढ़ती व्यापार बाधाओं को देखते हुए राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करने चाहिए। ऊर्जा, परिवहन, धातु, रसायन और आतिथ्य जैसे विभिन्न क्षेत्रों में निजी निवेश में वृद्धि के बारे में बात करते हुए पुरी ने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेश में 'कुछ सतर्कता' आ





सकती है। भारत के लिए आर्थिक वृद्धि अनुमान पर उन्होंने कहा, हम 6.5 प्रतिशत की दर की उम्मीद कर रहे हैं। हमारा मानना है कि यह संख्या मौलिक रूप से हासिल की जा सकती है, क्योंकि तथ्य यह है कि हम एक उचित रूप से अच्छी नींव, मजबूत आर्थिक आधार के साथ शुरुआत कर रहे हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷हाल के दिनों में ब्याज दर में कमी आई है। मुद्रास्फीति नरम होती जा रही है। एक अप्रैल से व्यक्तिगत आयकर में छूट मिल रही है। पिछले वर्ष की दूसरी छमाही में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं पर प्रस्तावित उच्च शुल्क और वैश्विक स्तर पर बढ़ते संरक्षणवाद की प्रवृत्ति पर, पुरी ने स्वीकार किया कि ÷इस समय व्यापार में अधिक से अधिक बाधाएं आ रही हैं।÷ उन्होंने सुझाव दिया कि भारत को द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) करने चाहिए जो पारस्परिक रूप से लाभकारी और राष्ट्रीय हित में हों।

# सीमा पर तनाव कम होने से उछल पड़ी कंज्यूमर कंपनियां, कहा- फिर से बढ़ेगा कारोबार

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम होने से कंज्यूमर गुड्स बनाने वाली कंपनियों को राहत मिली है। कंपनियों को उम्मीद है कि लोगों का भरोसा फिर से बढ़ेगा और मांग में भी सुधार होगा। हाल के दिनों में मांग में गिरावट आई थी। यह गिरावट सिर्फ बॉर्डर वाले राज्यों में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में देखी गई। टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टास के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप बख्शी ने कहा कि प्रभावित वाले इलाकों में मांग पर बुरा असर पड़ा। बाकी जगहों पर भी मांग बहुत ज्यादा नहीं थी। अब जब युद्ध खत्म हो गया है तो उम्मीद है कि लोग फिर से बाहर निकलेंगे और खरीदारी करेंगे।



पिछले 4-5 दिनों में युद्ध जैसे हालात बने रहे। इससे पंजाब, जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और गुजरात के कई शहरों में सामान्य जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। चंडीगढ़, मोहाली, जालंधर, अमृतसर, श्रीनगर, जम्मू, भुज, जोधपुर और राजकोट जैसे शहरों में ब्लैकआउट हो गया था। इन शहरों में बॉर्डर से मिसाइल और ड्रोन से हमले का खतरा था। इसलिए हाई अलर्ट जारी किया गया था। इंडस्ट्री के लोगों का कहना है कि बॉर्डर पर तनाव बढ़ने से मांग में सुधार की उम्मीदें खतरे में पड़ गई थीं। पिछले दस तिमाहियों से महंगाई और कम वेतन की वजह से लोग कम सामान खरीद रहे थे। अब डिमांड में थोड़ा सुधार दिख रहा था, लेकिन तनाव बढ़ने से यह सुधार रुक सकता था।

# डेटिंग एप पर दोस्ती के बाद होटल में महिला से दुष्कर्म

## युवक का आरोप शादीशुदा होते हुए भी छिपाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पिपलानी पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर बिहार के युवक पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि युवक से उसकी दोस्ती डेटिंग एप पर हुई थी। इसके बाद होटल में एक सप्ताह तक उसने शारीरिक संबंध बनाए। अब शादी करने से इंकार कर रहा है। इधर युवक का आरोप है कि महिला ने उसे नहीं बताया था कि वह पहले से ही शादीशुदा है।



पुलिस के अनुसार 26 साल की महिला थाना क्षेत्र में रहती हैं और गृहणी है। वह शादीशुदा है और उसकी दोस्ती आठ महीने पहले डेटिंग एप पर अमन भारद्वाज से हुई थी। चेटिंग के बाद मोबाइल नंबर एक्सचेंज होने के कारण दोनों में बातचीत होने लगी। इस दौरान अमन ने उससे मिलने की अच्छा जाहिर की। अमन उससे मिलने रीवा से भोपाल पहुंचा और होटल में रुका था। उसने मिलने के लिए गत 4 मई को होटल बुलाया, वहां उसे शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद करीब एक सप्ताह से शारीरिक संबंध बना रहा था। पीड़िता ने शादी करने की बात कही तो वह अब शादी करने से इंकार कर रहा है। महिला ने घटना की शिकायत पिपलानी थाने पहुंचकर की। पुलिस होटल पहुंची तो आरोपी मौके से भाग निकला था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एक टीम रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पहुंचाई गई। टीम ने आरोपी को भागने से पूर्व ही पकड़ लिया। आरोपी अमन मूलत~बिहार का रहने वाला है और रीवा से ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा है। उसने पुलिस को बताया कि महिला ने उससे झूठ बोला था कि वह अविवाहित है। वह विवाहित है। यदि अविवाहित होती तो वह शादी कर लेता।

## नर्सिंग स्टाफ से सहकर्मी ने किया दुष्कर्म

निशातपुरा पुलिस ने बायपास स्थित निजी अस्पताल की नर्सिंग स्टाफ की शिकायत पर सहकर्मी के खिलाफ दुष्कर्म और दैहिक शोषण का मामला दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि साथ काम करने के कारण आरोपी उसकी दोस्ती हुई थी। उसने शादी का प्रलोभन दिया और आठ महीने तक शारीरिक संबंध बनाए और अब कहीं और शादी कर ली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 25 साल की युवती बायपास स्थित निजी अस्पताल में स्टाफ नर्स है। इसी अस्पताल में मनीष अहिरवार नामक युवक मेल नर्स की नौकरी करता है। दोनों साथ में काम करते थे और पहचान थी। उनमें दोस्ती बड़ी और फिर प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। आरोपी राजवंश कॉलोनी पीड़िता के घर आने जाने लगा और वह भी उसके करोंद स्थित निवास पर आने लगी। इस दौरान आरोपी मनीष ने पीड़िता को शादी करने का प्रलोभन दिया और उससे शारीरिक संबंध बनाने शुरू कर दिए। गत दिना मनीष ने कहीं और शादी कर ली और पीड़िता से दूरी बना ली। यह बात पीड़िता को पता चली तो वह निशातपुरा थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस का कहना है कि पीड़िता की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

## प्रेमी से दुखी होकर वेब डिजाइनर ने पीया जहर, हालत नाजुक



कोलार थाना क्षेत्र में रहने वाली वेब डिजाइनर ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पुलिस पुलिस ने उसके बयान दर्ज किए तो उसने बताया कि कथित प्रेमी से दुखी होकर उसने आत्महत्या की कोशिश की थी। दरअसल, करीब एक साल तक दैहिक शोषण करने के बाद प्रेमी से शादी से इनकार कर दिया था। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बलात्कार व दैहिक शोषण समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कोलार की एक कॉलोनी में रहने वाली 32 साल की युवती वेब डिजाइनिंग का काम करती है। करीब एक साल पहले सोशल मीडिया पर उसकी मुलाकात सौरभ कीर नामक युवक से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हुई और फिर प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। अगस्त 2024 में सौरभ कीर प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। उसी दौरान शादी का झांसा देकर उसने संबंध बनाए। उसके बाद से आरोपी लगातार युवती का दैहिक शोषण करता आ रहा था। पिछले दिनों युवती ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी साफ मुकर गया। दुखी होकर युवती ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# मेहंदी सेंटर गई 15 साल की नाबालिग रहस्यमय तरीके से लापता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित एक कस्बे से पंद्रह साल की किशोरी के रहस्यमय तरीके से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजन उसकी गुमशुदगी की शिकायत लेकर थाने पहुंचे। मामला नाबालिग जुड़ा होने के कारण पुलिस ने गुमशुदगी के साथ अज्ञात आरोपी पर अपहरण का मामला दर्ज किया है। इधर परिजन का आरोप है कि पुलिस मामले में ढिलाई बरत रही है। दो दिन होने के बाद भी पुलिस उनकी बच्ची को तलाश नहीं सकी है। जानकारी के अनुसार ईंटखेड़ी स्थित एक कस्बे से शुक्रवार दोपहर 3 बजे पंद्रह साल की नाबालिग लापता हो गई। वह घर से महंदी सेंटर जाने का कहकर निकली थी। इसके बाद उसने नए नंबर से पिता को कॉल किया और कहा कि पांच मिनट में घर पहुंच रही हूं। इसके बाद नाबालिग का पता नहीं है। जिस नंबर से कॉल आया था। पुलिस ने उस युवक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया, लेकिन उसने साफ तौर पर कह दिया कि नाबालिग ने उससे मोबाइल लेकर कॉल किया था। इसके बाद उसने नहीं पता कि वह कहां गई। पुलिस नाबालिग की तलाश करने सिटी सर्विलांस के कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा मोबाइल की सीडीआर भी निकलवाई जा रही है, लेकिन अब तक कुछ सुराग नहीं लगा है।

**परिजन के आरोप, पुलिस नहीं दिखा रही गंभीरता**

## पत्नी से विवाद के बाद पति ने लगाई फांसी

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस थ्री में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह शराब पीने का आदी था और परिवार की ठीक से परवरिश नहीं करने के कारण उसका पत्नी से विवाद होता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार घनश्याम अहिरवार पिता रमेश अहिरवार ( 34 ) शिव नगर फेस थ्री में प्रीति तिवारी के मकान में किराए से रहता था और पुताई करता था। दो साल पूर्व ने उसने प्रेम प्रसंग के बाद शादी की थी। वह शराब पीने का आदी था और घर खर्च नहीं देने के कारण पत्नी से उसकी अक्सर कहासुनी होती थी। शनिवार शाम भी पत्नी से उसकी कहासुनी हुई थी। विवाद बढ़ने पर मारपीट की नौबत आ गई और उसकी पत्नी पांच महीने का बच्चा लेकर रेलवे स्टेशन चली गई। पूरी रात पत्नी ने रेलवे स्टेशन पर गुजारी। इधर घर पर घनश्याम अकेला था। मकान मालिक की पत्नी ने रविवार सुबह उसे कमरे में फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी।

# रंजिश में बहन-भाइयों पर पथराव तीन एक्टिवा में लगाई आग

### बीडीए कॉलोनी अवधपुरी की घटना, काउंटर प्रकरण दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित बीडीए कॉलोनी इलाके में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात रंजिश में एक परिवार के करीब आधा दर्जन लोगों ने महिला और उसके दो भाइयों से गाली-गलौज करते हुए पथराव कर दिया। किसी तरह बहन और दोनों भाई जान बचाने के लिए एक घर में घुसे तो आरोपियों ने उनकी तीन एक्टिवा में आग लगा दी। पुलिस ने उक्त मामले में दोनों पक्षों की ओर से काउंटर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि दोनों तरफ से पथराव हुए है। पुलिस के अनुसार गायत्री घोसले ( 23 ) बीडीए कॉलोनी अवधपुरी में रहती थी। अब उन्होंने अपना घर बदल लिया है। बीडीए कॉलोनी में गायत्री की बड़ी बहन देवकी रहती हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात गायत्री और उसके दो भाई अपनी बड़ी बहन के घर किसी कार्यक्रम में शामिल होने उनके निवास पहुंचे। कार्यक्रम में शामिल होने के बाद तीनों अपने घर जाने के लिए निकल गए। इस दौरान बीडीए कॉलोनी में रहने वाले अमन मकोरिया और उसके परिवार ने मैजिक स्टॉप के पास गायत्री और उसके दोनों भाइयों को रोक लिया और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। गायत्री और उसके भाइयों ने गाली देने से मना किया तो अमन मकोरिया और उसके परिवार ने पथराव शुरू कर दिया। किसी तरह गायत्री और उसके भाई पास ही स्थित घर में घुसे और अपनी जान बचाई। इस बीच मकोरिया परिवार के लोगों ने उनकी तीन एक्टिवा में आ लगा दी। तीनों गाड़ियों जलकर खाक हो गई। पुलिस ने गायत्री घोंसले की शिकायत पर अमन मकोरिया, देशराज, रानी, रिंकू, विशाल, हेमंत और गोविंद सराठे के खिलाफ गाली-गलौज, पथराव व आगजनी की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है जबकि दूसरी ओर से भी पुलिस ने अमन मकोरिया की रिपोर्ट पर गुड्डू बाथम, सूरज इंगले, भैयू रजक व भैयू रोजडे के खिलाफ गाली-गलौज व पथराव की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।



### भैंस की चर्बी का धंधा करने वाले व्यापारियों के बीच हुआ विवाद

# ढाई लाख के लेनदेन में विवाद, देशी कट्टे से फायरिंग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

तलैया थाना क्षेत्र स्थित इस्लामपुरा में रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब पैसों के लेनदेन को लेकर दो भाइयों ने मिलकर एक युवक से मारपीट करते हुए देशी कट्टे से हवाई फायर कर दिया। फरियादी करीब ढाई लाख रुपए लेने आरोपियों के घर पहुंचा था। इसी बीच लेनदेन की बात को लेकर विवाद हो गया। घटना के बाद से दोनों आरोपी भाई फरार हैं। पुलिस ने हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पंचायती मस्जिद के पास इस्लामपुरा निवासी कासिम कुरैशी ( 28 ) भैंस की चर्बी बेचने का काम करता है। उसके घर से थोड़ी दूरी पर रहने वाले शाहनवाज और गुलनवाज उर्फ छोटू भी चर्बी बेचते हैं। शाहनवाज और गुलनवाज दोनों भाई हैं। कारोबार के लेनदेन के सिलसिले में कासिम कुरैशी को करीब दो लाख 41 हजार रुपए दोनों भाइयों से लेना है। वे लोग पैसे देने में लगातार आनाकानी कर रहे थे। रविवार सुबह करीब सवा 7 बजे कासिम कुरैशी अपनी उधारी के पैसे लेने गुलनवाज और शाहनवाज के घर पहुंचा। घर के नीचे ही उनका गोदाम है। पैसों के लेनदेन को लेकर एक बार फिर उनके बीच विवाद होने लगा। इस बीच दोनों भाइयों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस बीच गुलनवाज उर्फ छोटू ने देशी कट्टे से हवाई फायर कर दिया। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## हिस्ट्रीशीटर का शादी में डांस करते हुए फायरिंग का वीडियो वायरल

गोविंदपुरा थाने के हिस्ट्रीशीटर गोपाल पाटिल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में गोपाल पाटिल शादी की पार्टी में डांस करते हुए हवाई फायरिंग करते हुए नजर आ रहा है। उसने देशी कट्टे से दो राउंड फायर किए है। इस दौरान लोग उस पर नोट लुटाते नजर आ रहे हैं। वीडियो अन्ना नगर में एक शादी समारोह का बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बदमाश गोपाल पाटिल के खिलाफ करीब 10 से अधिक मारपीट, हत्या का प्रयास, शराब तस्करी और अ?ीबाजी जैसे अपराध दर्ज हैं। वह करीब एक दशक से लगातार अन्ना नगर और आसपास के इलाकों में सक्रिय रहकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है। एसीपी दीपक नायक का कहना है कि बदमाश के खिलाफ  मामला दर्ज किया जा रहा है। वायरल वीडियो कहां का और कब का है, इसकी जांच की जा रही है। बदमाश गोपाल पाटिल गोविंदपुरा थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

## पेटीएम पर रुपए नहीं डलवाने पर चाकू से किया हमला

**भोपाल।** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र स्थित श्रमदान रोड बरखेड़ी में चचेरे भाइयों में हुए विवाद के बाद एक भाई ने दूसरे भाई से मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस बीच बीच बचाव करने में दूसरे भाई के हाथ में चाकू से चोट आई है। पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज किया है। एएसआई शेषराम सहारे ने बताया आरिफ खान पिता शाहिद खान ( 19 ) श्रमदान रोड, बरखेड़ी में रहता है और प्राइवेट काम करता है। उसके कमरे के पास साहिल का कमरा है। रविवार दोपहर साहिल ने आरिफ से कहा कि मेरे परिचित से ऑनलाइन रुपए बुलाने हैं तुम अपने पेटीएम पर रुपए डलवा लो। इस पर आरिफ ने कहा कि वह पेटीएम नहीं चलाता है। इसी बात को लेकर साहिल और आरिफ का विवाद हो गया। विवाद ब?ने पर मारपीट होने लगी। दोनों के बीच मारपीट होती देख आरिफ का भाई नवेद बीच बचाव करने पहुंचा था। इस दौरान साहिल ने आरिफ पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का हमला नवेद ने हाथ से रोका तो उसे हाथ में गंभीर चोट आई है। आरिफ नवेद को लेकर अस्पताल पहुंचा, वहां इलाज कराने के बाद शाम को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरिफ की शिकायत पर साहिल के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज कर लिया है।

**मेट्रो एंकर**

### बैग सहित जेवर, नए कपड़े और हजारों का माल ले गया चोर

# काशी महाकाल एक्सप्रेस में महिला यात्री का ट्रॉली बैग हो गया चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। काशी महाकाल एक्सप्रेस में परिवार के साथ सफर कर रही महिला का अज्ञात चोर ट्रॉली बैग चुराकर ले गया। बैग में जेवर, नए कपड़े, नए जूते चप्पल सहित हजारों रुपए का सामान था। जीआरपी भोपाल ने प्रकरण दर्ज कर चोरी की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी के अनुसार वीनम श्रीवास्तव ( 48 ) उत्सव आंगन, छोटा बांगडदा इंदौर में रहती है। उन्होंने जीआरपी को शिकायत करते हुए बताया कि काशी महाकाल इंदौर एक्स में वह परिवार के साथ सफर कर रही थी। उनके एम-2 कोच में चार बर्थ रिजर्व थे। यात्रा के दौरान बीना स्टेशन तक वह जागती रही। इसके बाद सो गई। नींद खुली तो संत हिरदाराम स्टेशन पर ट्रेन पहुंच चुकी थी। उनकी नजर सीट के नीचे पड़ी तो वहां रखा उनका ट्रॉली बैग नहीं था। उन्होंने परिजन को उठाया और बैग की तलाश की, लेकिन बैग नहीं मिला। बैग में एक जोड़ी चांदी की पायल, जिसका वजन करीब 50 ग्राम था। उसकी कीमत 4 हजार रुपए थी। इसके अलावा नये कपड़े करीब 10 जोड़ी महिला एवं पुरुषों के थे, जिसकी कीमत 10 हजार रुपए थी। साथ ही 10 नए पायदान और नए जूते चप्पल सहित ढाई हजार रुपए की नगदी थी। यह सब बैग में रखा था और चोर बैग समेत ले गया।




### यात्री का लैपटाप उठाकर भागा बदमाश

इधर रीवांचल एक्सप्रेस में सफर कर रहे यात्री का अज्ञात बदमाश बैग उठाकर भाग निकला। बैग में लैपटॉप सहित जरूरी दस्तावेज थे। जीआरपी ने बताया कि मैहर निवासी उत्कर्ष चतुर्वेदी रीवांचल एक्स के कोच एस-6 में भोपाल से मैहर कि यात्रा कर रहा था। वह भाई एवं नानाजी के साथ रेलवे स्टेशन भोपाल पहुंचा था। प्लेटफार्म न. 04/05 इटारसी तरफ बैठ कर खाना खाया। बाद सामान ज्यादा होने के कारण वह भाई के साथ सामान लेकर ट्रेन में रखने के लिए चला गया। लौटकर आया तो नाना जी ने बताया कि एक अज्ञात युवक अपना पिट्ठू बैग उठा कर भागा है। जिसे वह ठीक से देख नहीं सके। वह ट्रेन से बैग उठाकर पटरियों की तरफ भागा है। उत्कर्स ने घटना की शिकायत तत्काल जीआरपी थाने पहुंचकर की। बैग में लैपटाप था, जिसकी कीमत 40 हजार रुपए थी। इसके अलावा दस्तावेज भी थे।

# जैन मंदिर में हुई लाखों की चोरी, छत्र गायब

## पुलिस अधीक्षक ने चोरों की सूचना देने पर की इनाम की घोषणा

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**



रविवार सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने  गांधी चौक स्थित आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार अज्ञात चोर भगवान के छत्र चुरा कर ले गए हैं जिनकी कीमत लगभग 5 लाख रुपए बताई जा रही है जैसे ही सुबह मंदिर में चोरी की सूचना लगी वैसे ही समाज के लोग एकत्रित हो गए और  पुलिस को सूचना दी गई जानकारी लगने के बाद एसडीओपी मनोज मिश्रा व थाना प्रभारी आशुतोष सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी हालांकि अभी तक ऐसा कोई भी सुराग नहीं लग सका जिससे की चोरों के बारे में जानकारी लग सके। वहीं आसपास के सीसीटीवी में तलाश की जा रही। जांच के बाद पुलिस ने एफएसएल दल को भी सूचना दी है जिसे विदिशा से बुलाया जा रहा है जिससे कि तकनीकी साक्ष एकत्रित किया जा सके तकनीकी साक्ष के आधार पर कई मामलों का खुलासा पुलिस कर चुकी है उक्त मामले में एसडीओपी मनोज मिश्रा का कहना है कि चांदी के छत्र चोरी हुए है मामले की जांच की जा रही है। श्रीआदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक चोरी मामले में एसपी रोहित काशवानी ने चोरों की सूचना या सुराग देने पर दस हजार रुपए की ईनाम देने की घोषणा की। जिसकी सूचना एसडीओपी श्री मनोज मिश्रा  देहात थाना प्रभारी आशुतोष सिंह को उनके मोबाइल पर दी जा सकेगी ।



स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022